# JAI NARAIN VYAS UNIVERSITY
# JODHPUR

## 2016 - 2021

**7.1.8 Describe the Institutional efforts/initiatives in providing an inclusive environment i.e., tolerance and harmony towards cultural, regional, linguistic, communal, socio-economic and such other diversities**

# SAMPLE DOCUMENTS

# बेहतर नागरिक बनाने के लिए जेएनवीयू में 'आनंदम्' पाठ्यक्रम शुरू

## पढ़ाई के साथ अब पहले साल के हर सेमेस्टर में छात्रों को करना होगा 64 घण्टे का सोशल वर्क

विश्वविद्यालय की ओर से सत्र 2020-21 में प्रवेशित प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए नियमित पाठ्यक्रम के अतिरिक्त एक अच्छे नागरिक बनाने के उद्देश्य से आनन्द आधारित शिक्षा आनंदम् कोर्स शुरू किया गया है। विद्यार्थियों को प्रति सेमेस्टर 64 घंटे तक सामाजिक कार्य करने की फाइल, फोटोग्राफ सबमिट करनी अनिवार्य होगी। जिस के आधार पर विद्यार्थी को ग्रेड प्रदान किए जाएंगे। इस कोर्स के तहत मूल कर्त्तव्य को जानने एवं उनकी पालना करने की शिक्षा दी जायेगी। इसके अलावा समाज के लिए जीने, आमजन, गरीबों और बेसहारा की मदद करने की शिक्षा दी जाएगी। इसके लिए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को दो सेमेस्टर में प्रति सेमेस्टर 64 घंटे का सामाजिक कार्य कर उसकी फाईल तैयार करनी होगी।

### विवि को विद्यार्थी से अपेक्षा है –

- प्रतिदिन कम से कम सेवा का एक कार्य करना होगा।
- इस सेवा के कार्य को अपने निर्धारित रजिस्टर या व्यक्तिगत डायरी में नोट करना होगा।
- प्रत्येक टर्म में 64 घंटे का एक सामूहिक सेवा प्रोजेक्ट करेंगे।
- आनंदम् प्लेटफार्म पर सामूहिक प्रोजेक्ट की रिपोर्ट अपलोड करना।
- प्रत्येक महीने में एक बार सामूहिक सेवा पर आयोजित होने वाली चर्चा में भाग लेना व प्रस्तुतिकरण करना।
- सत्र समाप्ति का अंत विद्यार्थी को कुछ ना कुछ दान देकर करना होगा।

## विद्यार्थी जिम्मेदार नागरिक बन करेगा सेवा कार्य – प्रो. शेरॉन

### (आनंदम् पाठ्यक्रम का आरिएंटेशन कार्यक्रम)

माननीय कुलपति प्रो पी सी त्रिवेदी के निर्देशानुसार 12 फरवरी को आनंदम् पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण एवं आमुखिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सभी विभागों और संकायों के शिक्षकों ने भाग लिया और आनंदम् के उद्देश्यों को समझा और इसे कार्यान्वित करने की पद्धति को सीखा। इस अवसर पर प्राणी शास्त्र विभाग की अध्यक्ष और आनंदम पाठ्यक्रम कोर कमेटी की समन्वयक प्रो. विमला शेरॉन ने कहा कि आनंद जीवन की ऊर्जा है । हम जीवन कमाते नहीं हैं, इसे परमात्मा के उपहार के रूप में प्राप्त करते हैं। इसलिए सभी में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए। आज

77



समाज में चारों और अलगाव और बिखराव बढ़ रहा है। ऐसे में सब अपने अपने तक सीमित हो रहे हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण दौर में युवाओं में कुछ देने का भाव जागृत करने तथा उन्हें अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित और संस्कारित करने के लिए ही आनंदम् पाठ्यक्रम की रचना की गई है। कार्यक्रम में प्रबंधन विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नीलम कल्ला ने आनंदम् पाठ्यक्रम के व्यावहारिक कार्यान्वयन से जुड़े नियमों से अवगत कराया। विश्वविद्यालय में रूसा के नोडल अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने पाठ्यक्रम के तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रारंभ में मनोविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. हेमलता जोशी ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन अंग्रेजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. हितेंद्र गोयल ने किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय आनंदम् पाठ्यक्रम कोर कमेटी के सदस्यों प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओ.पी . टाक, डॉ.. नीलम कल्ला, डॉ. हेमलता जोशी, डॉ. हितेंद्र गोयल, डॉ. ऋषभ गहलोत के अलावा अलग-अलग संकायों के आचार्य एवं शिक्षकों के साथ-साथ विश्वविद्यालय से जुड़े संस्थानों के निदेशक शामिल रहे।

## आनंदम् आमुखीकरण कार्यक्रम



विश्वविद्यालय के सायंकालीन अध्ययन संस्थान सभागार में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आनंदम् आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी ने अपने उद्‌बोधन में जीवन में सकारात्मकता का महत्त्व बताते हुए विद्यार्थियों को उदारता और दयालुतापूर्ण कार्य करने के लिए मार्गदर्शित किया।

उन्होंने कहा कि जीवन में सकारात्मक रहना एवं खुशियाँ बांटना ही आनंदम् है। संस्थान निदेशक प्रो. मीना ने स्वागत किया। मुख्य वक्ता आनंदम् कोर कमेटी की समन्वयक प्रो. विमला शेरॉन व प्रो. प्रवीण गहलोत थे। प्रो. शेरॉन ने विषय की अवधारणा को स्पष्ट किया और प्रो. प्रवीण गहलोत ने आनंदम् विषय के व्यावहारिक पक्ष एवं कार्यविधि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हितेन्द्र गोयल ने किया। कार्यक्रम में आनंदम् कोर कमेटी के सदस्य डॉ. नीलम कल्ला, डॉ. हेमलता जोशी, डॉ. ऋषभ गहलोत व अन्य मौजूद रहे।

78

**विद्यार्थियों को डायरी में लिखना होगा सेवा कार्य**

# जेएनवीयू में आनंदम पाठ्यक्रम की कवायद



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

**जोधपुर** ◆ युवाओं को जिम्मेदार व सेवाभावी नागरिक बनाने और उनमें समाज को कुछ देने का भाव जागृत करने के लिए अकादमिक सत्र 2020-21 से आनंदम कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। आनंदम के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रतिदिन सेवा और भलाई से जुड़ा कोई कार्य करके उसे अपनी डायरी में लिखना होगा। विवि ने प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. विमला शेरॉन की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है। इसमें उनके अलावा प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ ओपी टाक, डॉ हेमलता जोशी, डॉ नीलम कल्ला, डॉ हितेंद्र गोयल और डॉ ऋषभ गहलोत को सदस्य बनाया गया है। कमेटी प्रत्येक सेमेस्टर में विद्यार्थियों की इस पाठ्यक्रम में सहभागिता बढ़ाने का बढ़ाने का कार्य करेगी तथा इससे संबंधित सामग्री तैयार कर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करेगी। प्रो. शेरॉन ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने कार्य को आनंदम प्लेटफार्म पर प्रदर्शित करने का अवसर दिया जाएगा। आगामी दिनों में इससे संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

*खबर को विस्तार से पढ़ें*
https://bit.ly/3pSMQW

# आनंदम पाठ्यक्रम जेएनवीयू में शुरू

**जोधपुर/नवज्योति।** युवाओं को जिम्मेदार और सेवाभावी नागरिक बनाने और उनमें समाज को कुछ देने का भाव जागृत करने के लिए अकादमिक सत्र 2020-21 से आनंदम कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। राज्य सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के आधार पर व्यास विश्वविद्यालय में इस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई है तथा इसके लिए प्राणी शास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. विमला शेरॉन की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है। इस कमेटी की अब तक दो बैठकें आयोजित की जा चुकी है। इस कमेटी में प्रो. शेरॉन के अलावा प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओ पी टाक, डॉ. हेमलता जोशी, डॉ नीलम कल्ला, डॉ हितेंद्र गोयल तथा डॉ ऋषभ गहलोत को सदस्य बनाया गया है। यह कमेटी प्रत्येक सेमेस्टर में विद्यार्थियों की इस पाठ्यक्रम में सहभागिता बढ़ाने का कार्य करेगी।

राजस्थान पत्रिका
जोधपुर, शनिवार, 06 फरवरी, 2021

विद्यार्थियों को डायरी में लिखना होगा सेवा कार्य

## जेएनवीयू में आनंदम पाठ्यक्रम की कवायद



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जोधपुर ◆ युवाओं को जिम्मेदार व सेवाभावी नागरिक बनाने और उनमें समाज को कुछ देने का भाव जागृत करने के लिए अकादमिक सत्र 2020-21 से आनंदम कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। आनंदम के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रतिदिन सेवा और भलाई से जुड़ा कोई कार्य करके उसे अपनी डायरी में लिखना होगा। विवि ने प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. विमला शेरॉन की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है। इसमें उनके अलावा प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ ओपी टाक, डॉ हेमलता जोशी, डॉ नीलम कल्ला, डॉ हितेंद्र गोयल और डॉ ऋषभ गहलोत को सदस्य बनाया गया है। कमेटी प्रत्येक सेमेस्टर में विद्यार्थियों की इस पाठ्यक्रम में सहभागिता बढ़ाने का बढ़ाने का कार्य करेगी तथा इससे संबंधित सामग्री तैयार कर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करेगी। प्रो. शेरॉन ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने कार्य को आनंदम प्लेटफार्म पर प्रदर्शित करने का अवसर दिया जाएगा। आगामी दिनों में इससे संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

खबर को विस्तार से पढ़ें
https://bit.ly/3pSMQW

दैनिक भास्कर
06. फरवरी 2021

## जेएनवीयू : 'आनंदम' कोर्स शुरू

जोधपुर. युवाओं को जिम्मेदार और सेवाभावी नागरिक बनाने और उनमें समाज को कुछ देने का भाव जागृत करने के लिए अकादमिक सत्र 2020-21 से 'आनंदम' कोर्स शुरू हो गया। इसके लिए प्राणी शास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. विमला शेरॉन की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है। कमेटी की दो बैठकें भी हो चुकी हैं। कमेटी में प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओपी टाक, डॉ. हेमलता जोशी, डॉ. नीलम कल्ला, डॉ. हितेंद्र गोयल तथा डॉ. ऋषभ गहलोत को सदस्य बनाया गया है। यह कमेटी हर सेमेस्टर में विद्यार्थियों की इस कोर्स में सहभागिता बढ़ाने का बढ़ाने का कार्य करेगी तथा इससे संबंधित सामग्री तैयार कर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करेगी। प्रो. शेरॉन ने बताया कि 'आनंदम' कार्यक्रम में स्टूडेंट्स को प्रतिदिन सेवा और भलाई से जुड़ा कोई कार्य करके उसे अपनी डायरी में लिखना होगा। विद्यार्थियों को अपने कार्य को आनंदम प्लेटफार्म पर प्रदर्शित करने का अवसर भी दिया जाएगा। शेरोन के अनुसार आनंदम कमेटी के सभी सदस्य इस कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं तथा आगामी दिनों में इससे संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

## कला संकाय अधिष्ठाता ने किया पौधरोपण

जोधपुर/नवज्योति। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के योग केन्द्र द्वारा संचालित पी जी डिप्लोमा इन योग शिक्षा पाठ्यक्रम के शिविर में कला संकाय अधिष्ठाता प्रो. के एल रैगर ने योग केन्द्र में वृक्षारोपण किया। प्रो. रैगर ने योग शिक्षा के छात्र-छात्राओं को ध्यान का अभ्यास भी करवाया। कार्यक्रम का संचालन योग केंद्र के निदेशक डॉ. बाबूलाल दायमा ने किया तथा अधिष्ठाता का शिविर में आने पर आभार व्यक्त किया।



## 'विद्यार्थी जिम्मेदार नागरिक बन करेगा सेवा कार्य'

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जोधपुर ◆ जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में शुक्रवार को आनंदम पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण एवं आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सभी विभागों और संकायों के शिक्षकों ने भाग लिया और आनंदम के उद्देश्यों को समझा। साथ ही इसे कार्यान्वित करने की पद्धति को सीखा। कार्यक्रमक में प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष व आनंदम पाठ्यक्रम कोर कमेटी समन्वयक प्रो. विमला शेरॉन ने कहा कि आनंद जीवन की उर्जा है। हम जीवन कमाते नहीं हैं, इसे परमात्मा के उपहार के रूप में प्राप्त करते हैं इसलिए हममें कृतज्ञता का भाव होना चाहिए। प्रबंधन विभाग की डॉ नीलम कल्ला, विवि में रूसा के नोडल अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, मनोविज्ञान विभाग की डॉ हेमलता जोशी और अंग्रेजी विभाग के डॉ हितेंद्र गोयल ने भी विचार रखे।

खबर को विस्तार से पढ़ें
https://bit.ly/2N1fHJJ

## जेएनवीयू : 'आनंदम' कोर्स शुरू

जोधपुर. युवाओं को जिम्मेदार और सेवाभावी नागरिक बनाने और उनमें समाज को कुछ देने का भाव जागृत करने के लिए अकादमिक सत्र 2020-21 से 'आनंदम' कोर्स शुरू हो गया। इसके लिए प्राणी शास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. विमला शेरॉन की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है। कमेटी की दो बैठकें भी हो चुकी हैं। कमेटी में प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओपी टाक, डॉ. हेमलता जोशी, डॉ. नीलम कल्ला, डॉ. हितेंद्र गोयल तथा डॉ. ऋषभ गहलोत को सदस्य बनाया गया है। यह कमेटी हर सेमेस्टर में विद्यार्थियों की इस कोर्स में सहभागिता बढ़ाने का बढ़ाने का कार्य करेगी तथा इससे संबंधित सामग्री तैयार कर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करेगी। प्रो. शेरॉन ने बताया कि 'आनंदम' कार्यक्रम में स्टूडेंट्स को प्रतिदिन सेवा और भलाई से जुड़ा कोई कार्य करके उसे अपनी डायरी में लिखना होगा। विद्यार्थियों को अपने कार्य को आनंदम प्लेटफार्म पर प्रदर्शित करने का अवसर भी दिया जाएगा। शेरोन के अनुसार आनंदम कमेटी के सभी सदस्य इस कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं तथा आगामी दिनों में इससे संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

वर्कशॉप

राजस्थान पत्रिका
11 मार्च 2021

## सकारात्मक रहना ही आनंदम

जोधपुर @पत्रिका. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय सायंकालीन अध्ययन संस्थान सभागार में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आनंदम आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.प्रवीण चंद त्रिवेदी थे।मुख्य वक्ता आनंदम कोर कमेटी की समन्वयक प्रो.विमला शेरॉन व प्रो.प्रवीण गहलोत थे। प्रो.शेरॉन ने विषय के व्यावहारिक पक्ष एवं कार्यविधि पर प्रकाश डाला।

# LINKS TO ANANDAM VIDEOS

https://youtu.be/tJIZGkeFD7Y

https://youtu.be/Fye09p4dD48

Mar 14, 2021 · Jodhpur ·

राज्य सरकार द्वारा शुरू किए नए पाठ्यक्रम "आनन्दम" के तहत शनिवार को एमएससी वनस्पति शास्त्र पूर्वार्द्ध के छात्र-छात्राओं ने विभाग के बोटैनिकल गार्डन की साफ-सफाई की। पौधों को पानी दिया एवं अनावश्यक खरपतवार को हटाया, पुरानी - सूखी डालियों की कटाई - छंगाई की । इस सामूहिक गतिविधि के पश्चात विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा कर आनन्द की अनुभूति होने की बात की। इसी दौरान लिया गया समूह फ़ोटो ।



# राष्ट्रीय सेवा योजना

विज्ञान संकाय

# जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

---

## वार्षिक प्रगति रिपोर्ट

**1.04.2019—31.03.2020**

| क्र. सं. | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 31.05.2019 | विश्व तम्बाकू निषेध–दिवस पर कार्यक्रम |
| 2. | 05.06.2019 | विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण रैली |
| 3. | 21.06.2019 | अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम |
| 4. | 22.06.2019 | स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम |
| 5. | 07.07.2019 | रन फार वन कार्यक्रम |
| 6. | 08.08.2019 | भारत छौड़ो आन्दोलन पर प्रतियोगिता का आयोजन |
| 7. | 09.08.2019 | स्कूल बचाओं अभियान प्रशिक्षण शिविर |
| 8. | 03.09.2019 | फिट इंडिया कार्यक्रम |
| 9. | 23.09.2019 | एन.एस.एस. का आमुखीकरण कार्यक्रम |
| 10. | 24.09.2019 | एन.एस.एस. दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन |
| 11. | 25.09.2019 | प्री.आर.डी. कैम्प हेतु चयन प्रक्रिया |
| 12. | 02.10.2019 | गाँधी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन |
| 13. | 31.10.2019 | राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह |
| 14. | 08.11.2019 | माननीय राज्यपाल का नांदडा कलां गाँव का दौरा : राष्ट्रीय स्वयं सेवकों की सक्रीय भूमिका |
| 15. | 10.11.2019 | एक भारत श्रेष्ठ भारत पर कार्यक्रम आयोजन |
| 16. | 15.11.2019 से 24.11.2019 | पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर |
| 17. | 20.12.2019 | सात दिवसीय विशेष शिविर |
| 18. | 12.01.2020 | युवा महोत्सव लखनऊ (12.01.2020 |
| 19. | 18.01.2020 | स्वयं सेवकों से साइकिल चलाने का आहवान (Fit India Movement) |
| 20. | 04.02.2020 | विश्व कैंसर दिवस पर कार्यक्रम |
| 21. | 22.03.2020 से 31.03.2020 | लॉकडाउन में स्वयं सेवकों द्वारा उत्कृष्ट कार्य |

<u>**विश्व तम्बाकू निषेध–दिवस पर कार्यक्रम**</u>

<u>**31.05.2019**</u>

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान संकाय के देराश्री छात्रावास के हॉल में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी ने स्वयं सेवकों व विद्यार्थियों को संबोधन करते हुए तम्बाकू से होने वाली बिमारियों की जानकारी दी। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने गुटखा, पान, बीड़ी तथा सिगरेट आदि के सेवन करने व उससे होने वाले मुंह व गले के कैंसर होने की संभावना व जानकारी के बारे में विस्तृत से बताया। कार्यक्रम अधिकारी ने समाज को नशा मुक्ति हेतु प्रेरित करने का आहवान किया।







राजस्थान पत्रिका patrika.com जोधपुर, शनिवार, 01 जून 2019

Weekend पत्रिका सिटी

एम्स में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हुआ कार्यक्रम

'तम्बाकू छोड़ें, घर जोड़ें' की थीम पर किया लोगों को जागरूक

जोधपुर@पत्रिका. तम्बाकू छोड़ें, घर जोड़ें की थीम पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मनोचिकित्सा विभाग की ओर से शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनजागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। [illegible]

एनएसएस ने मनाया तंबाकू निषेध दिवस

जोधपुर. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। [illegible]

विधिक जागरुकता शिविर

patrika

# <u>विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण रैली</u>
## <u>05.06.2019</u>

गुरू जंभेश्वर पर्यावरण शोधपीठ, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण दिवस पर आयोजित पर्यावरण संरक्षण चेतना रैली में विश्वविद्यालय की सभी इकाईयों के स्वयं सेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण चेतना रैली में समाज की भागीदारी हेतु विभिन्न एनजीओ, सामाजिक संगठनों, महिलाओं इत्यादि को रैली में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया था। रैली जोधपुर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई विश्वविद्यालय के अभियांत्रिक संकाय में खत्म हुई। रैली में स्वयं सेवकों के साथ एनजीओ व स्काउट के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. रामप्रकाश सारण व डॉ. ओमप्रकाश ने रैली का संचालन किया। रैली हेतु पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश लिख तख्तियां बनाने में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने सहयोग प्रदान किया।

















राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
विश्व पर्यावरण दिवस
(5th June)


पर्यावरण चेतना रैली जोधपुर
विश्व पर्यावरण दिवस


राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
विश्व पर्यावरण दिवस
(5th June)
कपड़े की थैली रखो
पॉलिथीन मत लो


विश्व पर्यावरण दिवस
(5th June)


पत्रिका PLUS 6/5/2019 CITYLIFE

# ये अवेयरनेस एक दिन नहीं, आगे

विश्व पर्यावरण दिवस : रैली निकालकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, कई जगह पौ

चेतना रैली में पर्यावरण बचाने का संदेश

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

महिलाओं का उत्साह

पर्यावरण पर अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन


विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रसन्नपुरी गोस्वामी को सम्मानित करते हुए

## विश्व पर्यावरण दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

जोधपुर/नवज्योति। विश्व पर्यावरण दिवस पर शहर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर की मुख्य सड़क पर पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के जरिये आमजन को पौधारोपण करने की अपील की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरु जंभेश्वर पर्यावरण शोध पीठ और जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण जनचेतना रैली आयोजित की गई। पर्यावरणविद खमुराम विश्नोई के नेतृत्व में चेतना रैली ओलम्पिक सर्किल से शुरू होकर रेलवे स्टेशन, पुरी तिराहा, नई सड़क, मोहनपुरा पुलिया, रातानाडा होते हुए एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार पहुंची। पर्यावरण रैली में विश्नोई समाज के लोग, पर्यावरण प्रेमी और जेएनवीयू छात्र, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट कैडेट्स तथा विश्नोई समाज की महिलाएं भी शामिल हुई।

## <u>अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम</u>
## <u>21.06.2019</u>

विश्व योग दिवस, दिनांक 21.06.2019 को प्रातः 6:30 राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत के निर्देशन में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारियों, कर्मचारियों व स्वयं सेवकों द्वारा योगा किया गया। कार्यक्रम को योग शिक्षक अमान सिंह सियोदिया व प्रो. के. एल. रैगर ने योग पर अपना व्याख्यान दिया व **"करो योग भगाओ रोग"** तथा **"करो योग रहो निरोग"** के संदेश को जन–जन तक पहुँचाने के लिए संदेश दिया। इस अवसर पर सिंडीकेट सदस्य प्रो. चेनाराम चौधरी ने भी योगा में भाग लिया व स्वयं सेवकों को संबोधन किया। कार्यक्रम के अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
अन्तराष्ट्रीय
योग दिवस
विज्ञान संकाय
जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर






अन्तराष्ट्रीय
योग दिवस


अन्तराष्ट्रीय
योग दिवस

# <u>स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम</u>

**22.06.2019**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों द्वारा नेहरू युवा केन्द्र जोधपुर द्वारा एस.एन. मेडिकल कॉलेज, ऑडिटोरियम, जोधपुर में आयोजित कार्यक्रम स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप 2019 में भाग लिया। कार्यक्रम राज्य स्तरीय स्तर था जिसकी थीम युवाओं को स्वच्छ भारत अभियान हेतु आमुखीकरण करना व उनको संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम में भारत सरकार के जल संसाधन मंत्री एवं जोधपुर के सांसद श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने संबोधित किया। कार्यक्रम में करीबन 50 स्वयं सेवक ने कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण गहलोत के निर्देशन में समर इंटर्नशिप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा सभी स्वयं सेवकों रजिस्ट्रेशन करने व उन्हें किट देने में अपना सहयोग प्रदान किया।















POCO

# <u>रन फार वन कार्यक्रम</u>
## <u>07.07.2019</u>

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु आम जन में पेड़–पौधें व वनों के संरक्षण हेतु जागरूकता लाने के लिए आयोजित **"रन फार वन"** दौड़ का आयोजन दिनांक 07.07.2019 को सुबह आयुर्विज्ञान महाविद्यालय से किया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. शिव कुमार बरवड़ ने 30 स्वयं सेवकों के साथ दौड़ में विश्वविद्यालय के बैनर के साथ दौड़ लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाया व समाज में वन व वन जीवों को संरक्षण करने हेतु अपना सहयोग दिया।













# <u>भारत छोड़ो आन्दोलन पर प्रतियोगिता का आयोजन</u>
## <u>08.08.2019</u>

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के आदेशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना विज्ञान संकाय में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत के नेतृत्व में भारत छोड़ो आन्दोलन की 75 वी वर्षगाठ पर दिनांक 08.08.2019 को वाद–विवाद व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों द्वारा **भारत छोड़ो आन्दोलन** पर अपने निबंध लिखे व भाषण के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। भाषण प्रतियोगिता में स्वयं सेवक विजेन्द्र पाल सिंघल ने प्रथम स्थान, प्रियंका नागल ने द्वितीय व चनणाराम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि निबंध प्रतियोगिता में प्रग्यासिंह गहलोत प्रथम, मोनिका राठौड़ द्वितीय व कमलेश तृतीय स्थान पर रहें। कार्यक्रम के अन्त में प्रो. पवन कुमार कसेरा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभावी डॉ. उत्तम पालीवाल व डॉ. शिव कुमार बरवड़ ने सहयोग प्रदान किया।











## स्कूल बचाओं अभियान प्रशिक्षण शिविर
## 09.08.2019

सरदार पटेल विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा राजस्थान पुलिस एकेडमी, जयपुर में स्कूल बचाओं अभियान का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के दो स्वयं सेवक रमेश कुमार व ओमपुरी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पश्चात् इन स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जिसके तहत् स्वयं सेवक विभिन्न स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों से स्कूल बचाओं पर अपना संवाद स्थापित करेंगे। स्वयं सेवक रमेश कुमार व ओमपुरी का चयन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत द्वारा किया गया व उन्हें प्रशिक्षण शिविर में भेजने की तैयारियां भी उन्हीं के द्वारा की गई।

## फिट इंडिया कार्यक्रम
## 03.09.2019

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में फिट इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बनाते हुए विश्वविद्यालय कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय **खेल दिवस पर फिट इंडिया कार्यक्रम** की शुरूआत की हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के युवाओं को फिट रहने के लिए प्रतिदिन पैदल चलना, व्यायाम करना व किसी भी खेल को नियमित खेलने की अनुपालना करना है ताकि सभी स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 से अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लिया जिसके तहत् सभी स्वयं सेवकों ने पैदल चलकर विज्ञान संकाय में अन्य छात्र–छात्राओं को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। स्वयं सेवकों द्वारा विवेकानंद स्मारक तक पैदल चलकर शपथ ली, जिसके तहत् अब वे प्रतिदिन 10,000 कदम पैदल चलेंगे व इस कार्य के लिए अपने परिवार, पड़ोसियों, मौहल्ले व बस्ती इत्यादि में अन्य लोगों को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के शुरूआत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने फिट इंडिया कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में डॉ. अशोक पटेल, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. प्रियंका पुरोहित ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।













5/9/19

## एनएसएस ने दिया फिट इंडिया का संदेश




जोधपुर. जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में फि ट इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो जेताराम विश्नोई ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को फिट रहने के लिए प्रतिदिन पैदल चलना, व्यायाम करना व किसी भी खेल को नियमित खेलने की अनुपालना करना है ताकि सभी स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 से अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों ने पैदल चलकर विज्ञान संकाय में अन्य छात्र-छात्राओं को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। स्वयं सेवकों द्वारा विवेकानन्द स्मारक पर शपथ ली कि वे प्रतिदिन 10 हजार कदम पैदल चलेंगे और इस कार्य के लिए अपने परिवार, पड़ोसियों, मौहल्ला व बस्ती इत्यादी में अन्य लोगों को जागरूक करेंगे।

# <u>एन.एस.एस. का आमुखीकरण कार्यक्रम</u>
## <u>23.09.2019</u>

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में आज राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों का रजिस्ट्रेशन व आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई के निर्देशन में विज्ञान संकाय में एक दिवसीय आमुखीकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सह–आचार्य प्रवीण गहलोत ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, उद्देश्य, कार्यप्रणाली व गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. रामप्रकाश सारण ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को रक्तदान की जानकारी प्रदान की व रक्तदान हेतु प्रेरित किया। डॉ. अशोक कुमार पटेल ने एन.एस.एस. द्वारा समाज सेवा, निस्वार्थ कार्य की भावना, व्यक्तित्व विकास व टीमवर्क के बारे में बताया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में डॉ. शिवकुमार ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में एन.एस.एस. के स्वयं सेवक रमेश, महिपाल, कविता चौधरी, मनोहर, हर्ष, मदनलाल ने एन.एस.एस. शिविरों के अपने अनुभव शेयर किए। तृतीय सत्र में स्वयं सेवकों ने विज्ञान संकाय में कंटीली झाड़िया काटी व कक्षा कक्षों की सफाई की। डॉ. प्रवीण गहलोत ने बताया की एन. एस.एस. एक दिवसीय कार्यक्रम में 24 सितम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा, जिसके तहत् 101 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया हैं।



















**<u>एन.एस.एस. दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन</u>**

**<u>24.09.2019</u>**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि सिंडीकेट सदस्य प्रो. चेनाराम चौधरी व सिंडीकेट सदस्या प्रो. संगीता लुंकड द्वारा स्वयं सेवकों को एन.एस.एस. के महत्व व इसकी उपयोगिता के बारे में

अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि प्रो. जेताराम विश्नोई ने छात्रों को रक्तदान करने के लिए प्रेरणा दी। इकाई द्वारा हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन होता है जिसमें सभी स्वयं सेवक बढ़–चढ़ कर भाग लेते हैं। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अशोक पुरोहित, वनस्पतिशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पवन कसेरा, भौतिकशास्त्र विभाग के प्रो. आर. जे. सेंगवा, रसायनशास्त्र विभाग के प्रो. के. आर. गेनवा, सह–आचार्य डॉ. के. आर. पटेल ने भी छात्रों का हौसला बढ़ाया। शिविर में कुल 60 यूनिट का रक्तदान हुआ, जिसमें छात्रों के साथ–साथ कार्यक्रम अधिकारियों ने भी रक्तदान में भाग लिया। शिविर में विभिन्न व्यवस्था संभालने में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. आर. पी. सारण, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. शिवकुमार बरवड़, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. प्रियंका पुराहित, डॉ. बी. आर. जयपाल ने सहयोग दिया। अन्त में डॉ. प्रवीण गहलोत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। रक्तदान शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य अम्बिका ब्लड बैंक की तरफ से किया गया।












# विवि में रक्तदान शिविर आयोजित

जोधपुर/नवज्योति।

व्यास विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय की सभी इकाइयों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस 24 सितम्बर के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि सिंडीकेट सदस्य प्रो.चैनाराम चौधरी व सिंडीकेट सदस्या प्रो.संगीता लुंकड द्वारा स्वयंसेवकों को एन.एस.एस. के महत्व व इसकी [illegible] के बारे में अवगत कराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विज्ञान संकाय क अधिष्ठाता प्रो.अशोक पुरोहित ने की। प्रो.पुरोहित ने रक्त के घटकों के बारे में विस्तार से बताते हुए रक्तदान की उपयोगिता को बताया। विशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो.जेताराम विश्नोई ने छात्र-छात्राओं को रक्तदान करने के लिये प्रेरित करते हुए बताया कि जितेजी रक्तदान तथा मरणोपरांत नेत्रदान करना चाहिए तो ही मनुष्य जीवन सफल होगा।

प्रो. बिश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन होता हैं। जिससे सभी स्वयं सेवक बढचढ कर भाग लेते हैं। कार्यक्रम में वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्षं प्रो.पवन कसेरा, भौतिक शास्त्र के प्रो.आर.जे.सेंगवा, रसायनशास्त्र के प्रो.के.आर.गेनवा, सह-आचार्य डॉ.के.आर.पटेल ने भी छात्र-छात्राओं का रक्तदान पर विचार वक्त किए। शिविर में कुल 60 छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया। जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ-साथ कार्यक्रम अधिकारियों ने भी रक्तदान में भाग लिया। शिविर आयोजन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. आर.पी. सारण, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. शिवकुमार बरवड, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. प्रियंका पुराहित, डॉ. बी.आर. जयपाल ने सहयोग किया।

अन्त में डॉ. प्रवीण गहलोत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। रक्तदान शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य अम्बिका ब्लड बैंक की तरफ से किया गया।

प्रो. बिश्नोई ने बताया कि प्री.आर.डी कैम्प के लिए जोधपुर संभाग के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय जयपुर के युवा अधिकारी तरूणा राम, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो जेताराम बिश्नोई, एन.सी.सी. के अधिकारी डॉ. ललित झाला, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत एवं डॉ. प्रियंका पुरोहित ने स्वयंसेवकों का चयन किया।

## <u>प्री.आर.डी. कैम्प हेतु चयन प्रक्रिया</u>

**<u>25.09.2019</u>**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में दिनांक 25.09.2019 में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर (उत्तर क्षेत्र) 2019 हेतु एक दिवसीय चयन प्रक्रिया शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. प्रियंका पुरोहित राष्ट्रीय सेवा योजना, राजस्थान सरकार के अधिकारी श्री कटारीयां ने इच्छुक स्वयं सेवकों को शारीरिक, मानसिक व बौधिक प्रशिक्षण कर पूर्व गणतंत्र दिवस परेड हेतु तीन स्वयं सेवकों का चयन किया। चयनीत स्वयं सेवक 15 नवम्बर से 24 नवम्बर के मध्य चितकारा विश्वविद्यालय, राजपूरा पंजाब राज्य में आयोजित शिविर में भाग लेंगे। चयन प्रक्रिया हेतु एक दिवसीय शिविर की व्यवस्था कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल द्वारा की गई।







## गाँधी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**02.10.2019**

जोधपुर 2 अक्टूबर, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आज विज्ञान संकाय सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150 वी जयंती का आयोजन किया गया। आयोजन के संबंध में प्रो. किशोरी लाल रैगर ने बताया कि यह भारत सरकार के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय स्तर का कार्यक्रम है और महात्मा गाँधी की 150 वी जयंती की श्रृंखला में ये पाँचवा कार्यक्रम हैं। प्रारंभ में महात्मा गाँधी की प्रतिमा को पुष्पांजली अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने मंचस्थ अतिथियों का स्वागत करते हुए गाँधी दर्शन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रो. विश्नोई ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि गाँधी जी छूआछूत, जातिवाद जैसी भयंकर बुराईयों का विरोध करते हुए लोगों के मन में मानवतावादी भाव जाग्रत करने का सराहनीय कार्य किया जिसे हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। मुख्य वक्ता प्रो. सोहन लाल मीणा अध्यक्ष, राजनीति विज्ञान निदेशक, सायंकालीन अध्ययन संस्थान ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज देश जिस मुकाम पर खड़ा है इसमें राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का महत्वपूर्ण योगदान हैं। गाँधी जी ने विभिन्न आन्दोलनों का नेतृत्व किया उनके असहयोग आन्दोलन, सत्याग्रह आन्दोलन प्रमुख थे, जो गलामियत के खिलाफ लोगों को खड़ा कर रहे थे। उन्होंने हमेशा अपने सिद्धांतों पर बल दिया। गाँधी जी ने नमक आन्दोलन के माध्यम से लोगों को जोड़ा। पूना पैक्ट के बाद देश में एक नए अध्याय सामाजिक न्याय की बात सामने आई। तत्कालीन तमाम क्रान्तिकारी नेतृत्व ने अन्तविरोध होने के बावजूद राष्ट्रहित में एकजुट होकर देश को आजाद करवाया।

गाँधी जी ने राष्ट्रीय आन्दोलन को जन आन्दोलन का रूप दिया। आज यदि हमें राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करना है तो गाँधी जी के पद्चिन्हों पर चलना होगा। आज इस राष्ट्र को गाँधी जी के दर्शन पर विचार–विमर्श करने की जरूरत हैं। असहिष्णुता, प्रेम, अहिंसा, सद्भाव, भाईचारा जैसे भाव आज इस देश में चाहते है तो अब हमें सोचना होगा कि क्या हम गाँधी जी का भारत बना पाए हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. चेनाराम चौधरी ने अपने वक्तव्य में बताया कि गाँधी जी दक्षिण अफ्रिका में अपने साथ हुए रंगभेदी दुर्व्यवहार के कारण आहत हुए और भारत आकर राष्ट्रीय आन्दोलन के भागीदार बने। गाँधी ने अपने विचारों से लोगों को प्रभावित किया और लोग उनके साथ जुड़ते चले गए, साथ ही प्रो. चौधरी ने वर्तमान नई शिक्षा नीति पर भी प्रकाश डाला तथा राष्ट्रीय सेवा योजना का गाँधी दर्शन के साथ क्या जुड़ाव है इसको भी रेखांकित किया। मुख्य अतिथि प्रो. कौशलनाथ उपाध्याय, अधिष्ठाता, कला संकाय ने अपने उद्बोधन में कहा कि 150 साल बाद गाँधी जी आज भी हमें सीख दे रहे हैं। अब जरूरत है उसे देखने कि अब सीख ले रहे है या नहीं। गाँधी जी मानवतावाद के प्रति दृढनिश्चयी थे। गाँधी जी जीवन मूल्यों के प्रेरणाओं के प्रवक्ता रहे हैं। आज हम गाँधी जी के प्रवक्ता बन आगे आए संकल्प ले कि गाँधी जी के विचारों को जीवन में धारण करें। कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए प्रो. घनश्याम त्रिपाठी, अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय ने कहा कि गाँधी जी दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने समय की आवश्यकता को पहचानते हुए भी स्वतंत्रता आन्दोलन में जुड़े विविध विचारधाराओं में लोगों को एक मंच पर खड़ा किया, साथ ही प्रो. त्रिपाठी ने गाँधी जी ने पर्यावरण के प्रति योगदान की भी चर्चा की। आज हमें गाँधी जी के सिद्धांतों का अनुसरण करने की आवश्यकता है जिससें हमें शक्ति मिलेगी। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. किशोरीलाल रैगर ने किया तथा अंत में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह मीणा, डॉ. प्रवीण चन्द्र, डॉ. ओमप्रकाश, श्री फत्ताराम, ललित कुमार सहित 350 से अधिक एन.एस.एस. के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर रक्तदान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।














**राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह**

**31.10.2019**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में दिनांक 31.10.2019 को भारत के लौह पुरूष व प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय एकता दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों को राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने राष्ट्रीय सद्भावना पर अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।








**<u>माननीय राज्यपाल का नांदडा कलां गाँव का दौरा</u>**
**<u>राष्ट्रीय स्वयं सेवकों की सक्रीय भूमिका</u>**
**<u>08.11.2019</u>**

राजस्थान के महामहिम राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्रीमान कलराज मिश्र ने विश्वविद्यालय के द्वारा गोद लिए गए गाँव नांदडा कलां का दौरा किया व ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या जानी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा किए गए विकास कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। ज्ञातन्य है कि पूर्व में स्वयं सेवकों द्वारा गाँव में सघन सफाई अभियान व सघन वृक्षारोपण किया गया था। कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्थाएं विज्ञान संकाय के स्वयं सेवकों द्वारा की गई व कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस प्रकार स्वयं सेवकों ने अनुशासन व नेतृत्व क्षमता की अपनी दक्षता का प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने स्वयं

सेवकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. के. आर. पटेल व डॉ. बी. आर. जयपाल ने भी अपनी भूमिका निभाई।













<u>एक भारत श्रेष्ठ भारत पर कार्यक्रम आयोजन</u>
<u>10.11.2019</u>

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में आज दिनांक 10.11.2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में करीबन 100 स्वयं सेवकों ने विज्ञान संकाय में श्रमदान कर संकाय को स्वच्छ किया। विज्ञान संकाय में बिखरे प्लास्टिक को इकट्ठा कर परिसर को प्लास्टिक मुक्त किया गया। शिविर के दूसरे बौधिक सत्र में विधार्थियों में अवसाद व उसके निवारण पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके तहत् विषय–विशेषण ने अपने उद्बोधन में अवसाद के कारण व उनके निवारण पर उदाहरण सहित समझाया गया। शिविर के तीसरे सत्र में भारत सरकार के हाल ही में शुरू किए गए **"एक भारत श्रेष्ठ भारत"** पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें करीबन 25 स्वयं सेवकों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा **"असम राज्य"** के बारे में जानकारी को साझा किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. के. आर. पटेल, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. अशोक कुमार पटेल व डॉ. उत्तम पालीवाल ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया। अन्त में स्वयं सेवक भैराराम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।








# <u>पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर</u>
## <u>15.11.2019 से 24.11.2019</u>

राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, चंडीगढ़ द्वारा दिनांक 15.11.2019 से 24.11. 2019 तक पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर (उत्तर क्षेत्र) 2019 का आयोजन चितकारा विश्वविद्यालय, राजपूरा पंजाब में आयोजित किया जिसमें विज्ञान संकाय के दो स्वयं सेवक राकेश व अनिता विश्नोई ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने बताया की स्वयं सेवक राकेश व अंकिता विश्नोई ने सांस्कृतिक गतिविधियों में मारवाड़ लोकगीत व लोकनृत्य संस्कृति पर अपनी प्रस्तुति देकर श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया।











<u>**राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर**</u>

<u>**20.12.2019 से 26.12.2019**</u>

<u>**प्रथम दिवस (20.12.2019)**</u>

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन 20 दिसम्बर को किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा नया परिसर में सफाई अभियान के तहत् मुख्य द्वार से रसायन शास्त्र विभाग तक सफाई की गई। इस शिविर में मुख्य अतिथि डॉ अशोक पुरोहित, अधिष्ठाता विज्ञान संकाय ने छात्रों को रक्तदान के विशेष महत्व पर उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न गतिविधियों जैसें राष्ट्रीय एकता शिविर, प्री.आर.डी. एवं आर.डी.परेड, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, बालिका शिक्षा, प्रोढ़ शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण प्रो. के. आर. पटेल द्वारा तथा धन्यवाद प्रो. प्रवीण गहलोत द्वारा ज्ञापित किया गया। इस मौके पर विज्ञान संकाय में अन्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. आर. पी. सारण, डॉ. एस. के. बरवड़, डॉ. अनुराग चौधरी एवं डॉ. अशोक पटेल मौजूद रहें।









## द्वितीय दिवस (21.12.2019)

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा विज्ञान संकाय में श्रमदान करके विज्ञान परिसर की सफाई की गई। शिविर के दूसरे बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री रविन्द्र चौधरी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक भी हैं, ने अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन व कर्त्तव्य के साथ सफलता के टीप्स दिए। श्री रविन्द्र चौधरी ने विद्यार्थियों के जीवन में आने वाली आर्थिक व सामाजिक कठिनाईयों का सामना करने व उससे निजात पाकर प्रशासनिक सेवा में सफलता पर विशेष उद्बोधन दिया।

शिविर के दूसरे बौद्धिक सत्र में सेवानिवृत प्रोफेसर पी. के. शर्मा ने स्वयं सेवकों को व्यक्त्वि विकास पर उपना उद्बोधन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना को सामाजिक कर्त्तव्य की पाठ्शाला बताया। प्रोफेसर शर्मा ने समाज में बढ़ रहे अपराध को कम करने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों से आहवान किया कि वे समाज में लोगों को जागरूक करें। कार्यक्रम में प्रोफेसर के. आर. पटेल द्वारा भी अपना उद्बोधन दिया गया। प्रोफेसर पटेल ने स्वयं सेवकों की समाज के प्रति जिम्मेदारी को रेखाकिंत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत, डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. अशोक कुमार पटेल, डॉ. प्रियंका पुरोहित व डॉ. शिव कुमार बरवड़ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेवक श्यामलाल ने किया।

## तृतीय दिवस (22.12.2019)

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर के तृतीय दिन के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों ने श्रमदान किया। इसके द्वितीय बौद्धिक सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती निर्मला विश्नोई उप अधिक्षक, पुलिस निदेशक महिला परामर्श केन्द्र, जोधपुर तथा पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. पी. के. शर्मा उपस्थित थे। स्वागत उद्बोधन समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने किया जिसके अन्तर्गत वर्षभर होने वाली गतिविधियों से भी अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि निर्मला विश्नोई ने स्वयं सेवकों को मानसिकता परिवर्तन के संदेश को समाज में फैलाने का जिम्मा सौंपा। इसके साथ ही पुलिस विभाग के नव कार्यक्रमों से स्वयं

सेवकों को अवगत कराया। प्रो. पी. के. शर्मा ने व्यक्तित्व विकास तथा समय प्रबंधन की छात्र जीवन में महत्ता पर चर्चा की। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. शिवकुमार बरवड़ उपस्थित थे।

श्रीमती निर्मला विश्नोई ने बताया कि समाज का रूप सुधारने के लिए समाज का व्यवस्था से जुड़ना आवश्यक हैं। इस शिविर के अन्तर्गत उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति समूह की अधिकारी भी उनके साथ सौव रहती हैं। उन्होंने यह विश्वास जताया कि अपने नव प्रोजेक्ट महिला आत्म सुरक्षा केन्द्र की ट्रेनिंग द्वारा महिलाएं सभी स्थानों पर सुरक्षित महसूस व व्हाट्सएप नम्बर भी प्रदान किया। श्री पी. के. शर्मा जी ने जीवांत उदाहरणों द्वारा छात्रों में नव उर्जा का प्रवाह किया। जीवन में सफलता के लिए विभिन्न कार्यशैलियों की महत्ता पर जोर दिया।

**चतुर्थ दिवस (23.12.2019)**

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस स्वयं सेवकों ने प्रथम सत्र व्यायाम, श्रमदान में सक्रिय भाग लिया। द्वितीय बौद्धिक सत्र में विशिष्ट अतिथि विधि संकाय के प्रोफेसर सुनील आसोपा तथा राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ. दिनेश गहलोत ने स्वयं सेवकों को उद्‌बोधन किया। डॉ. आसोपा ने बताया कि समाज में विधि का उपयोग क्या है? विभिन्न विषयों से विधि किस प्रकार से संबंध रखती हैं। इसके साथ जन भावना तथा विधि में संबंध को विस्तृत रूप से विवेचित किया। समाज व व्यक्तियों की विधि से होने वाली अपेक्षाओं पर चर्चा की। इसके साथ इस बात पर जोर दिया कि विधि मनोभावों से नहीं चलती, विधि का आधार सामाजिक न्याय होता हैं। चर्चा का समापन विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं के निवारण के साथ किया। इसके साथ डॉ. दिनेश गहलोत ने भारतीय संविधान, कर्तव्य व प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रकाश डाला। उनके अनुसार भारत का नागरिक होने की एक मात्र पहचान भारतीयता की समझ हैं। उन्होंने जोर दिया हमें अपने अधिकारों के साथ–साथ कर्तव्यों की समझ भी विकसित करनी चाहिए तथा हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकती हैं। कार्यक्रम में रिटायर्ड प्रो. एफ. एस. पूनिया जी ने भी स्वयं सेवकों को रा.से.यो. के आधारभूर सिद्धांतों तथा महत्व पर प्रकाश डाला एवं उत्साहित किया। अतिथियों का स्वागत समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने दिया। कार्यक्रम में डॉ.

रामप्रकाश सारण, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. प्रियंका पुराहित, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. शिव कुमार बरवड़ तथा डॉ. उत्तम पालीवाल ने सक्रिय भूमिका निभाई।

**पंचम दिवस (24.12.2019)**

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का आरंभ व्यायाम सत्र से हुआ। इसके पश्चात् श्रमदान सत्र में स्वयं सेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। क्रमगत बौद्धिक सत्र में प्रसिद्व मनोवैज्ञानिक, कला एवं समाजशास्त्र के पूर्व डीन प्रो. ऐ. के. मलिक, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने अपने स्वागत उद्बोधन के द्वारा रा.से.योजना के मूल संदेश व लक्ष्य पर प्रकाश डाला। सत्र का प्रारंभ "स्वयं सजे वसुंधरा सवार दे" के ऊर्जावान उद्बोधन से हुआ। प्रो. मलिक ने अपने उद्बोधन में स्वयं सेवकों की तुलना गुरूगोविन्द सिंह जी के पंच प्यारो से की जिन्होंने मातृभूमि समर्पण का भाव रखते हुए राष्ट्र निर्माण का बीड़ा उठाया हैं। अपनी चर्चा में व्यक्तित्व विकास तथा तनाव प्रबंधन को सम्मिलित किया। इन्होंने बताया कि मनोविज्ञान व्यक्तित्व का निर्माण आन्तरिक क्षमता से आकता है अतः सर्वप्रथम मनोवैज्ञानिक आईना देखे व अपनी कमजोरियों पर कार्य करें। इसी कड़ी में उन्होंने स्वयं सेवकों को असीम संभावनाओं की प्रेरणा दी तथा असंभव शब्द को जीवन शब्द कोष से पूर्णतः हटाने का सुझाव दिया। अपने वक्तव्य में जीवांत उदाहरणों को लेते हुए कर्मवाद की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने तनाव प्रबंधन हेतु केथेरेसस संकल्पना समझाई जिसके अनुसार उपलब्धियों के साथ–साथ समस्याओं के संवेगों को भी साझा करें। विपरीत परिस्थितियों में भी निरंतर कर्मशीलता नवनिर्माण का आधार हैं। अन्त में स्वयं सेवकों को बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रियंका पुरोहित ने किया। कार्यक्रम में डॉ. बी. आर. जयपाल, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. शिव कुमार बरवड़ ने सक्रिय भूमिका निभाई।

**छठा दिवस (25.11.2019)**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी इकाईयों द्वारा महामहिम राज्यपाल की स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् गोद लिए गए गाँव मोगड़ा कलां में स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत् स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्वयं सवकों द्वारा स्वच्छ घर, स्वच्छ गाँव, खुले में शौच बंद करों, टीकाकरण करवाओं, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन के नारे लगवाकर ग्रामीणों को

संदेश दिया। स्वयं सेवकों द्वारा गाँव के लगभग 500 घरों का सर्वे कर विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया जिसमें मुख्य रूप से उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण योजना, जैविक कृषि, मृदा जाँच, पशुपालन इत्यादि के बारे में जानकारियां इकट्ठी की। एकत्रित जानकारियों से एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर महामहिम राज्यपाल को प्रेषित की जाएगी। रिपोर्ट में गाँव की विभिन्न समस्याओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई जिनमें पशु चिकित्सालय की कमी, वृद्वावस्था–विधवा पेंशन, सीवरेज की समस्या, कच्ची सड़के एवं बिजली–पानी की समस्या इत्यादि का ब्यौरा दिया गया हैं। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. के. आर. पटेल, प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. उत्तम पालीवाल ने रैली, सफाई अभियान एवं सर्वेक्षण का नेतृत्व किया। स्वयं सेवक भैराराम भाटी, मनोहर सिंह, राकेश विश्नोई, हरचंद राम पटेल, रमेश, ओमपुरी, अमृत इत्यादि ने सक्रिय भूमिका निभाकर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान किया। गाँव के युवा सरपंच श्री प्रकाश पटेल ने इस आयोजन के लिए पूरे गाँव की तरफ से सभी स्वयं सेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं भविष्य में समय–समय पर ऐसे आयोजनों की पुनरावृति का आहवान किया।

## सांतवा दिवस (26.12.2019)

विज्ञान संकाय में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन विशेष कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गंगाराम जाखड़ ने की जबकि विशेष अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक व सिंडीकेट सदस्य प्रो. चेनाराम चौधरी व विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अशोक पुरोहित थे। प्रों. गंगाराम चौधरी ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने हेतु आह्मन किया। प्रो. चेनाराम चौधरी ने अनुशासन व कर्तव्य को स्वयं सेवकों का पूरक बताया । कार्यक्रम की शुरूआत में प्रो. के. आर. पटेल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत् वर्षभर किए गए कार्य का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में श्रेष्ठ स्वयं सेवकों को सम्मानीत भी किया गया। श्रेष्ठ स्वयं सेवक : बी.एस.सी. प्रथम वर्ष (शकील अख्तर व भागीरथ पटेल), बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष (श्यामलाल व नेमाराम), बी.एस.सी. तृतीय वर्ष (विकास गहलोत व अमृत चौधरी) एवं एम.एस.सी. (भैराराम भाटी व मनोहर) श्रेष्ठ स्वयं सेविका सुश्री पुष्पा पटेल को सम्मानीत किया गया। कार्यक्रम में सभी कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। अन्त में प्रो. प्रवीण गहलोत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।







राजस्थान पत्रिका . जोधपुर, मंगलवार, 24 दिसंबर, 2019
patrika.com

## जेएनवीयू: एनएसएस शिविर में व्यायाम व श्रमदान



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जोधपुर ◆ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन सोमवार को स्वयं सेवकों ने प्रथम सत्र में व्यायाम व श्रमदान में भाग लिया। द्वितीय बौद्धिक सत्र में विशिष्ट अतिथि विधि संकाय के प्रोफेसर सुनिल आसोपा और राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ. दिनेश गहलोत ने स्वयं सेवकों को संबोधित किया।

डॉ. आसोपा ने समाज में विधि का उपयोग और विभिन्न विषयों से विधि के संबंध को लेकर व्याख्यान दिया।

डॉ. गहलोत ने भारतीय संविधान, कर्तव्य व प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रकाश डाला। उनके अनुसार भारत का नागरिक होने की एक मात्र पहचान भारतीयता की समझ है। अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की समझ भी विकसित करनी चाहिए तथा हिंसा से किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रो. एसएस पुनिया, प्रो केआर पटेल और प्रो प्रवीण गहलोत ने भी संबोधित किया।

## मोगड़ा कलां में जागरुकता रैली निकाली

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्व विद्यालय के विज्ञान संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना में स्मार्ट विलेज स्कीम में गोद लिए गए गांव मोगड़ा कलां में स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ घर, स्वच्छ गांव, खुले में शौच बंद करने, टीकाकरण कराने, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन के नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरुकता का संदेश दिया गया। स्वयं सेवकों द्वारा गांव के लगभग 500 घरों का सर्वे कर विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। इसमें मुख्य रूप से उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण योजना, जैविक कृषि, मृदा जांच पशुपालन इत्यादि के बारे में जानकारियां इकट्ठी की गई। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. के.आर. पटेल, प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. उत्तम पालीवाल ने रैली, सफाई अभियान एवं सर्वेक्षण का नेतृत्व किया।

## एनएसएस शिविर का समापन

नवज्योति/ जोधपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत जय नारायण व्यास विश्विद्यालय के विधि संकाय में सात दिवसीय शिविर के अँतिम दिन आज प्रोफेसर चंदन बाला डीन विधि संकाय, प्रो सुनील आसोपा, जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रारम्भ में डॉ.के आर मेघवाल की अध्यक्षता में कोमल राजपुरोहित ने स्वागत भाषण दिया। तत्पश्चात भावना चौधरी ने सात दिवसीय कैम्प का परिवेदन दिया। निराली गौड़, दिनेश चौधरी, अनिल, विक्रम सिंह, प्रवीण पटेल ने अपने विचार व्यक्त किए।

**जेएनवीयू: एनएसएस शिविर का शुभारंभ :** जोधपुर. जेएनवीयू के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन शुक्रवार को विज्ञान संकाय में किया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने नया परिसर में साफ सफाई की। मुख्य अतिथि विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. अशोक पुरोहित ने रक्तदान का महत्व बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई ने एनएसएस की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। डॉ केआर पटेल ने स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर विज्ञान संकाय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ आरपी सारण, डॉ अनुराग चौधरी और डॉ. अशोक पटेल मौजूद रहे।

## शिविर के तहत किया श्रमदान

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जोधपुर ◆ एनएसएस की ओर से जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में चल रहे शिविर में दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर विवि परिसर की साफ-सफाई की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रविन्द्र चौधरी ने संबोधित किया।

## सामाजिक कर्तव्य की पाठशाला है एनएसएसः शर्मा

एजुकेशन रिपोर्टर | जोधपुर

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शनिवार को विज्ञान संकाय में श्रमदान कर सफाई की गई। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रविंद्र चौधरी ने विद्यार्थियों को अनुशासन व कर्तव्य के साथ सफलता के टिप्स दिए। साथ ही जीवन में आने वाली आर्थिक व सामाजिक कठिनाईयों का सामना करने की शिक्षा दी। पीके शर्मा ने एनएसएस को सामाजिक कर्तव्य की पाठशाला बताया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. अशोक कुमार पटेल, डॉ. प्रियंका पुरोहित व डॉ. शिव कुमार बरवड आदि उपस्थित थे।

## स्वयं सेवकों से साइकिल चलाने का आहवान

## Fit India Movement

**18.01.2020**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर स्वयं सेवकों से स्वस्थ रहने हेतु प्रतिदिन साइकिल चलाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. प्रियंका पुरोहित ने स्वयं सेवकों के साथ नव–परिसर में साइकिल पर चक्कर लगाकर अन्य विद्यार्थियों को साइकिल पर कॉलेज आने का आहवान किया। स्वयं सेवकों द्वारा भी समूह बनाकर नव–परिसर में पाँच चक्कर लगाए। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने स्वयं सेवकों को साइकिल चलाने के फायदों के साथ प्रदूषण नियंत्रण करने के उद्देश्य को समझाते हुए पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए।














<u>**विश्व कैंसर दिवस पर कार्यक्रम**</u>

<u>**04.02.2020**</u>

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर दिनांक 04.02.2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना, विज्ञान संकाय द्वारा एक कैंसर रोग पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विज्ञान संकाय के स्वयं सेवकों ने विभिन्न विभागों से होते हुए नव–परिसर के भाषा प्रकोष्ठ के सभी विभागों में जाकर कैंसर रोकथाम हेतु नारे लगाते हुए रैली के रूप में पुनः यूसीक पहुँचे। रैली के दौरान स्वयं सेवकों ने गुटखा, बीड़ी, तम्बाकू इत्यादि नशीले पदार्थों से दूर रहने का आहवान किया व नारे लगाए। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. अनुराग

चौधरी, डॉ. के. आर. पटेल व डॉ. रामप्रकाश ने संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।

## छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

5/2/2

जोधपुर. जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के नए परिसर में एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान संकाय एवं कला संकाय में रैली निकालकर नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने का आह्वान किया। छात्र नेता हरेंद्र चौधरी ने बताया कि विज्ञान संकाय के डीन ऑफिस से रैली रवाना होकर कैंपस के सभी फैकल्टी में गई, जहां विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के लिए जागरुक किया गया। नशे से होने वाली बीमारियां को विस्तारित रूप से बताया। कला संकाय में भी रैली निकाली गई। अंत में विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर रैली का समापन हुआ। डॉ अनुराग चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

<u>**लॉकडाउन में स्वयं सेवकों द्वारा उत्कृष्ट कार्य**</u>

<u>**22.03.2020 से 31.03.2020**</u>

वैश्विक महामारी का रूप ले चूकी कोरोना वायरस संक्रमण बीमारी की रोकथाम हेतु भारत सरकार द्वारा 22.03.2020 को सम्पूर्ण भारत में लॉकडाउन कर दिया था अतः इन विशम परिस्थितियों में विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के स्वयं सेवकों को लॉकडाउन में कार्य करने, गरीबों व असहाय को भोजन व खाद्य सामग्री पहुँचाने तथा समाज में सामाजिक दूरी का पालन करने हेतु जागरूकता लाने, सार्वजनिक स्थानों को निर्मिकरण करने में अपना सहयोग देकर उत्कृष्ट कार्य किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत द्वारा मोबाईल पर व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए स्वयं सेवकों को जोड़कर उन्हें समय–समय पर दिशा निर्देश भी दिए गए। सभी स्वयं सेवक अपने क्षेत्र मे जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, (ADM), उप जिला कलेक्टर (SDM), चिकित्सा अधिकारी (MO) व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क किया। लॉकडाउन की स्थिति में कुछ स्वयं सेवकों ने जिला कलेक्टर से मेल व व्हाट्सएप से संपर्क कर सामाजिक सेवा में अपना योगदान देने हेतु अपने संकल्प को दोहराया था।



# जेएनवीयू : एनएसएस ने कहा- हम तैयार हैं, जहां प्रशासन कहेगा वहां पर देंगे सेवा

एजुकेशन रिपोर्टर | जोधपुर

कोरोना संकट के समय जहां आम आदमी घबराया और डरा हुआ है, वहीं जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यकर्ता आगे आए हैं। जिला कलेक्टर को लिखे पत्र में कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब प्रशासन चाहे, वे सेवा देने के लिए तैयार हैं। इसके लिए विवि ने 200 कार्यकर्ताओं का एक ग्रुप तैयार किया है।

दरअसल कोरोना संकट में पूरा देश एकजुट होकर लड़ने का प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में अब वॉलंटियर्स आगे आए हैं। विवि की एनएसएस के कार्यकर्ताओं ने पहल कर जिला कलेक्टर को पत्र लिखा है कि वे विपरीत समय में सहयोग करना चाहते हैं। इसके लिए जिले में कहीं पर भी उनकी सेवा ली जा सकती है। कारण कि कुछ कार्यकर्ता ग्रामीण पृष्ठभूमि के हैं और लॉकडाउन में घर जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रशासन की मदद के लिए तैयार हैं। इसके लिए विवि की विज्ञान संकाय के एनएसएस टीम में 200 कार्यकर्ताओं को चुना गया है। ये सभी अपनी सहमति से आगे आए हैं। इनका इंचार्ज डॉ. प्रवीण गहलोत को बनाया गया है। ये लॉकडाउन में मदद करने, सहायता सामग्री पहुंचाने से लेकर जनता को सलाह देने में भी सहयोग करेंगे। इसके लिए कुलपति से स्वीकृति ले ली गई है।

## एनएसएस का सेवा ही परम धर्म

- यह निर्णय एनएसएस के कार्यकर्ताओं का है, विवि के कुलपति ने स्वीकृति दी है ताकि वह अपने परम धर्म का पालन कर सकें।

-प्रो. किशोरीलाल रैगर,

कार्यवाहक समन्वयक, एनएसएस, जेएनवीयू

# स्मार्ट विलेज स्कीम

# मोगड़ा कलां गाँव

# वार्षिक प्रगति रिपोर्ट

**1.4.2020 से 31.3.2021**

| क्र. सं. | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 08.06.2020 | विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिया गया गाँव मोगड़ा कलां में कोरोना वायरस सक्रमण रोकथाम हेतु सामग्री का वितरण एवं जनचेतना अभियान |
| 2. | 20.08.2020 | मोगड़ा कलां गाँव में घर–घर पौधों का वितरण |
| 3. | 20.08.2020 | कम्प्यूटर व मोबाइल एप द्वारा शिक्षा पर कार्यशाला |
| 4. | 25.09.2020 | कौशल विकास कार्यशाला |
| 5. | 26.09.2020 | जल संरक्षण हेतु तालाब की साफ–सफाई |
| 6. | 06.12.2020 | स्वच्छ भारत अभियान |
| 7. | 12.12.2020 | वरिष्ठ नागरिकों से संवाद |
| 8. | 22.12.2020 | मोगड़ा कलां गाँव के मनरेगा कार्य स्थल पर स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित |
| 9. | 11.02.2021 | स्मार्ट विलेज में नागरिकों हेतु ई–बैंकिंग साक्षरता कार्यक्रम |
| 10. | 11.02.2021 | विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विलेज मोगड़ा कलां में सामाजिक सरोकार<br>• स्वच्छता कार्यक्रम<br>• नेत्र जाँच शिविर<br>• स्वास्थ्य जाँच शिविर<br>• रक्त–दान शिविर<br>• कोरोना बिमारी उनमूलन हेतु टीकाकरण पर कार्यक्रम |
| 11. | 14.03.2021 | मोगड़ा कलां गाँव में नशा मुक्ति हेतु जनचेतना<br>• नजर के चश्में का वितरण |

**<u>विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिया गया मोगड़ा कलां गाँव में कोरोना वायरस सक्रमण रोकथाम हेतु सामग्री का वितरण एवं जनचेतना अभियान</u>**

**<u>8.6.2020</u>**

जोधपुर, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा महामहिम राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के आदेशानुसार स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् गोद लिए गए मोगड़ा कलां गाँव में आज दिनांक 08.06.2020 को कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम हेतु सामग्री का वितरण किया गया व जनचेतना के तहत् ग्रामीणों को संक्रमण के रोकथाम हेतु जानकारी दी गई। स्मार्ट विलेज स्कीम के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने बताया की गाँव में एक हजार मास्क, थर्मोस्केनर मशीन, सार्वजनिक स्थलों को संक्रमण से मुक्त करने के लिए हाइपो के छिड़काव की स्वंचलित मशीन, हाथों को साफ करने हेतु हेन्ड सेनिटाइजर इत्यादि का वितरण किया गया। डॉ. अशोक कुमार पटेल ने महानरेगा के तहत् चल रहे रोजगार शिविर में सभी कार्यशील महिलाओं व पुरूषों का थर्मोस्केनर मशीन द्वारा तापमान मापा व उन्हें। मास्क की अनिवार्यता बताते हुए मास्क दिए गए तथा समय–समय पर हाथ धोने की सलाह दी गई। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत् खोली गई राशन की दुकान पर लोगों को मास्क वितरण किए गए व उनकी थर्मोस्केनींग कर शरीर के तापमान की जानकारी दी गई। गाँव के घरों में भी मास्क का वितरण किया गया तथा उन्हें। अनावश्यक घर से बाहर नहीं निकलने तथा सोशल डिस्टेन्सिंग कि पालना हेतु समझाइस कि गई। पंचायत कार्यालय, ई–मित्र व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर छिड़काव हेतु हाइपों विलयन दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा मास्क, थर्मोस्केनर मशीन, छिड़काव मशीन व अन्य सामग्री ग्राम पंचायत को भेंट की।

गाँव के सरपंच श्री प्रकाश पटेल ने बताया की गाँव में बाहर से आने वाले प्रवासियों को स्कूल में क्वारंटाइन किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक हर्ष पटेल व भैराराम  द्वारा गाँव के घरों में सदस्यो के अनुसार मास्क का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अन्त में सरपंच श्री प्रकाश पटेल ने विश्वविद्यालय का आभार प्रकट किया।






















महिलाओं में मास्क का वितरण करते जेएनवीयू एनएसएस के कार्यकर्ता। जलतेदीप

# मोगडा कला में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सामग्री वितरित

जोधपुर, 8 जून (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् गोद लिए गए मोगड़ा कला गांव में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम हेतु सामग्री का वितरण किया। साथ ही ग्रामीणो को संक्रमण के रोकथाम की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने बताया की गांव में एक हजार मास्क, थर्मोस्केनर मशीन, सार्वजनिक स्थलों को संक्रमण से मुक्त करने के लिए हाइपो के छिड़काव क करने के साथ ही हैंड सेनेटाइजर का वितरण किया गया। डॉ. अशोक कुमार पटेल ने महानरेगा के तहत् चल रहे रोजगार शिविर में महिलाओ व पुरूषो का थर्मोस्केनर मशीन द्वारा तापमान मापा व उन्हे मास्क की अनिवार्यता बताते हुए समय-समय पर हाथ धोने की सलाह दी गई। सरपंच प्रकाश पटेल ने बताया कि प्रवासियों को स्कूल में क्वारेंनटाईन किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक हर्ष पटेल व भैराराम ने सहयोग दिया।

**महिला कांग्रेस ने वितरित किए गरिमा किट-** लॉकडाउन में आर्थिक तंगी से गुजर रहे लोगों की सेवा

रामनगर, ओम नगर व मिरासी कॉलोनी [illegible] सैनिटाइजिंग करने के अलावा एक माह से गरी[illegible] मजदूरों के लिए रोजाना 300 पैकेट टिफन पहुंचा र[illegible] है। भाजपा सभाग मीडिया प्रभारी जगदीश धाणदिया [illegible] बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी [illegible] निर्देशानुसार 150 से अधिक असहाय परिवारों त[illegible] सूखी राशन सामग्री पहुंचायी गई। 60 साल के ऊप[illegible] के वृद्ध व इच्छुक परिवारों को आयुर्वेदिक का[illegible] पिलाने के साथ गौशाला में हरी सब्जियों व चारे [illegible] व्यवस्था की गई।

## कोरोना से बचाव के उपाय बताए

नवज्योति/सर।

ग्राम पंचायत मोगड़ा कला में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय एनएसएस के प्रो. [illegible] प्रवीण कुमार गहलोत एवं डॉ. अशोक पटेल ने कोरोना [illegible] से बचने के उपाय बताए। डॉ. गहलोत व पटेल ने बचाव के उपाय बताने के साथ ग्रामीणों को [illegible] कर [illegible] उन्हें मास्क व सेनेटाइजर का वितरण किया। एनएसएस [illegible] के प्रदेश सचिव [illegible] ने बताया कि इस मौके पर मोगड़ा सरपंच प्रकाश पटेल का सहयोग रहा तथा [illegible] पटेल, पूनम [illegible] व ग्रामीण मौजूद रहे।



पत्रिका - 9/6/20

## जेएनवीयू द्वारा मोगड़ा में सामग्री वितरण

जोधपुर. जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् गोद लिए गए मोगड़ा कला गावं में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के लिए सामग्री का वितरण किया गया। प्रो गहलोत ने बताया कि गांव [illegible] हजार मास्क, थर्मोस्केनर [illegible] हाइपो छिड़काव की स्व[illegible] मशीन, हैंड सेनेटाइजर का [illegible] किया गया।

## <u>मोगड़ा कलां गाँव में घर–घर पौधों का वितरण</u>

**<u>20.8.2020</u>**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा माननीय राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के आहवान पर यूनिवर्सिटी सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत् मोगड़ा कलां गाँव को गोद लिया गया है जिसके तहत् विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिमाह गाँव में सामाजिक सरोकार हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं। इसी क्रम में रोस्टर के अनुसार जुलाई माह हेतु गाँव में वृक्षारोपण व पौधें वितरण का कार्यक्रम कोविड–19 की महामारी व मॉनसून की देरी के कारण आज दिनांक 20.08.2020 को किया गया। नोडल अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने बताया की मोगड़ा कलां गाँव में घर–घर फलदार व औषधीय महत्व के पौधें का वितरण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर के. आर. पटेल व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक पटेल ने गाँवो के घरों में सम्पर्क कर उन्हें। पौधें भेंट किए तथा उन्हें। रोपने व नियमित जल से सिंचित करने की अपील की। गाँव के सार्वजनिक स्थल, स्कूल, पचांयत भवन, राजीव गांधी सेवा केन्द्र, आंगनवाड़ी इत्यादि जगह पर भी वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर गाँव वालों ने कोविड–19 महामारी की रोकथाम हेतु व इम्यूनीटी बढ़ाने हेतु नीम गीलोय के पौधें की मांग की जिस पर नोडल अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने जल्द ही गाँव में नीम गीलोय के पौधें का वितरण करने का वादा किया। कार्यक्रम में गाँव के सरपंच श्री प्रकाश पटेल, भैराराम, ओमप्रकाश, सुरेन्द्र, हरसुख इत्यादि ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अन्त में सरपंच श्री प्रकाश पटेल ने विश्वविद्यालय को धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में कोविड–19 महामारी रोकथाम हेतु सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन की पालना की गई।











## जेएनवीयू ने लगाए 101 पौधे

**जोधपुर @ पत्रिका.** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव मोगड़ा कलां में गुरुवार को लोकदेवता बाबा रामदेव जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निःशुल्क पौधरोपण किया गया। एनएसएस वालेंटियर्स ने नींबू, अमरूद, गूंदा, शीशम सहित अन्य औषधीय व फलदार 101 पौधे लगाए। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर केआर पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम अधिकारी प्रो प्रवीण गहलोत, डॉ अशोक पटेल, सरपंच प्रकाश पटेल ने मिलकर चांयत भवन व घर-घर जाकर पौधों का वितरण भी किया।

## घर-घर जाकर वितरित किए 101 पौधे

**नवज्योति/जोधपुर।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गांव मोगड़ा कला में गुरुवार को घर-घर जाकर 101 औषधीय पौधे वितरित किए। मारवाड़ के लोकदेवता बाबा रामदेव जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निशुल्क 101 औषधीय व फलदार पौधे, नींबू, अमरूद, गूंदा व शीशम का राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो.के आर पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ.अशोक पटेल व सरपंच प्रकाश पटेल ने मिलकर पचांयत भवन व घर.घर जाकर वितरण किया।



# <u>कम्प्यूटर व मोबाइल एप द्वारा शिक्षा पर कार्यशाला</u>

**<u>20.8.2020</u>**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा यूनिवर्सिटी सोशल रिस्पांसिबिलिटी व स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् मोगड़ा कलां गाँव में कम्प्यूटर व मोबाइल एप द्वारा शिक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया की कोविड–19 महामारी के कारण स्कूले बंद है व ऐसी परिस्थितियों में विद्यार्थीयों द्वारा ऑनलाइन पढ़ाई की जा रही है परन्तु गाँव में विद्यार्थीयों को ऑनलाइन शिक्षा की जानकारी नहीं है अतः गाँव के विद्यार्थीयों को कक्षा दसवीं व बहारवीं के ऑनलाइन कोर्स के बारे में जानकारी दी गई। गाँव के विद्यार्थीयों को शिक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार के एप, यूट्यूब, गूगल डुओ, जूम विडियों, स्काईप, ई–बुक, दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले शिक्षा कार्यक्रम से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के पश्चात् विश्वविद्यालय के स्नात्तकोत्तर छात्र हरचंद पटेल व स्नातक द्वित्तीय वर्ष के छात्र सुरेन्द्र साई की नियुक्ति की गई जो आगामी एक सप्ताह तक पंचायत समिती के भवन में ई–शिक्षा से वंचित विद्यार्थीयों को मोबाइल एप द्वारा शिक्षा की जानकारी देंगे। ई–शिक्षा से गाँव में कोई छात्र–छात्रा वंचित नहीं रहे इसलिए गाँव के सरपंच श्री प्रकाश पटेल ने सम्पूर्ण कार्यक्रम अपने निदेशन में चलाने हेतु जिम्मेंदारी ली व बताया की इंटरनेट से वंचित विद्यार्थीयों को पंचायत समिति पर उपलब्ध इंटरनेट की सुविधा प्रदान की जाएगी। संचालन प्रोफेसर के. आर. पटेल द्वारा किया गया व डॉ. अशोक पटेल ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में कोविड–19 महामारी रोकथाम हेतु सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन की पालना की गई जिसके तहत् सभी विद्यार्थीयों को मास्क लगाने की हिदायत दी गई व हाथ सैनीटाइज करवाए गए।











# कौशल विकास कार्यशाला

## 25.9.2020

स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा सितम्बर माह में मोगड़ा कलां गाँव में कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कोविड–19 महामारी के कारण कार्यशाला का आयोजन घर–घर दस्तक देकर किया गया। समार्ट विलेज अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. अशोक पटेल व छात्र हरसुख पटेल की सहायता से गाँव के पचास घरों का सर्वे कर कोविड–19 महामारी के कारण उत्पन्न हुई बेरोजगारी की समस्या की जानकारी जुटाई गई। बेरोजगार युवकों का मार्गदर्शन कर उन्हें। आत्मनिर्भर भारत योजना के बारे में अवगत करवाया गया। ग्रामीणों को रोजगार कार्यालय, मरूधरा औद्योगिक इकाई, बासनी औद्योगिक क्षेत्र, बोरानाडा औद्योगिक क्षेत्र की जानकारी देकर रोजगार प्राप्त करने, लकड़ी–बढई का कार्य जानने वालों को हैं।डीक्राफट औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार हेतु सम्पर्क करने, लोहे का कार्य जानने वालों को बोरानाडा औद्योगिक क्षेत्र में सम्पर्क करने हेतु जानकारी प्रदान की गई, ईट के निर्माण हेतु अपना कुटीर उद्योग इकाई स्थापित करने, बुनाई हेतु दरी, गलीचा व चद्दर का निर्माण करने हेतु ग्रामीणों को मार्गदर्शन दिया गया। डॉ. अशोक पटेल द्वारा बैंक से ऋण लेने की प्रक्रिया को भी समझाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई गई आत्मनिर्भर भारत की जानकारी देकर उन्हें। स्वयं का विकास – कौशल का आगाज – राष्ट्र का निर्माण थीम पर कार्य करने हेतु आहवान किया गया।

घर–घर दस्तक के समय कोविड–19 महामारी के बचाव की जानकारी, बेरोजगारी के कारण अवसाद से ग्रसित होने व इसके ईलाज हेतु विश्वविद्यालय ने स्थापित परामर्श केन्द्र की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई ताकि अवसाद से ग्रसित ग्रामीणों का ईलाज परामर्श के द्वारा किया जा सके।

सरपंच श्री प्रकाश पटेल ने ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा औद्योगिक इकाईयों में रोजगार दिलाने हेतु मदद की मांग की व रोजगार हेतु औद्योगिक इकाईयों द्वारा गाँव में शिविर लगाकर ग्रामीणों को स्थाई रोजगार दिलाने की मांग की। कार्यक्रम के अन्त में स्मार्ट विलेज अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने इस कार्य में सहयोग करने वाले ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

















## <u>जल संरक्षण हेतु तालाब की साफ–सफाई</u>
**<u>26.9.2020</u>**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा महामहिम राज्यपाल श्री कलराज मिश्र द्वारा चलाई जा रही स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् मोगड़ा कलां गाँव के तालाब की साफ–सफाई करवाई गई। स्मार्ट विलेज नोडल अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् गाँव में जून माह में प्रस्तावित जल संरक्षण के कार्य को कोविड–19 महामारी के कारण सितम्बर माह में करवाया गया। गाँव में तालाब के चारों तरफ कटिंली बबुल की झाड़ीया उग गई थी व तालाब के चारों तरफ प्लास्टिक कचरा जमा हो गया था जिसके कारण आमजन व पशु–पक्षीयों को तालाब तक जाने में कठिनाई आ रही थी अतः विश्वविद्यालय द्वारा तालाब के चारों तरफ उगी कटिंली झाड़ीयों को जेसीपी की सहायता से जड़ सहित उखाड़ कर सफाई की गई। विगत वर्षो से तालाब की उपेक्षा के कारण तालाब के चारों तरफ गंदगी जमा हो गई थी व प्लास्टिक तथा अन्य कचरे का जमाव भी हो गया था इस कचरे को भी जेसीपी की सहायता से हटाया गया। ज्ञात्वय है कि मोगड़ा कलां गाँव से राष्ट्रीय राजमार्ग का नवनिर्माण होने के कारण तालाब के चारों तरफ छोटे नाले से पानी की आवक भी कम हो गई थी अतः इन नालों की पुनः खुदवाई व सफाई भी करवाई गई ताकि भविष्य में वर्षा के पानी को तालाब में इकट्ठा कर संरक्षण किया जा सके। इस कार्य में विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. के. आर. पटेल, डॉ. अशोक पटेल व छात्र हरसुख पटेल ने अपना सहयोग प्रदान किया। तालाब की साफ–सफाई के कार्य में व्यवस्था हेतु सरपंच श्री प्रकाश चौधरी का योगदान भी उल्लेखनीय रहा।












## स्वच्छ भारत अभियान

**6.12.2020**

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् मोगड़ा कलां गाँव में अक्टूबर, 2020 में प्रस्तावित स्वच्छ भारत अभियान कार्य कोविड–19 महामारी के कारण राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को विश्वविद्यालय में आने से मनाही के कारण माह अक्टूबर से परिवर्तन करके नवम्बर माह में करने का निर्णय लिया गया परन्तु राज्य सरकार के आदेशानुसार नवम्बर माह में भी विश्वविद्यालय के छात्रों का प्रवेश निषेध कर शैक्षणिक अवकाश कर दिया गया। अतः स्वच्छ भारत कार्यक्रम का आयोजन 06, दिसम्बर, 2020 को किया गया जिनमें सिर्फ कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर के. आर. पटेल व राष्ट्रीय सेवा योजना के दो स्वयं सेवक भैराराम व प्रवीण गुर्जर ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत अभियान के तहत् विश्वविद्यालय द्वारा गाँव में सार्वजनिक स्थानों पर सफाई करवाने हेतु गाँव के सरपंच श्री वागाराम जी पटेल को अनुदान राशि भेंट की जिसके तहत् गाँव की मुख्य सड़क, पंचायत

भवन, राजकीय सीनीयर सैकेण्डरी विद्यालय, राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आयुर्वेद) आंगन वाड़ी केन्द्र इत्यादि स्थानों पर सफाई करवाई जाएगी। स्वच्छता अभियान के तहत् गाँवो की महिलाओं को घरों में स्वच्छता रखने हेतु अपील की गई। महिलाओं, बच्चों व वयस्कों से मास्क लगाने, बार–बार हाथ धोने व दो गज की दूरी की पालना करने हेतु विशेष अपील की गई। ज्ञात्वय है वर्ष 2019 के दिसम्बर माह में राष्ट्रीय सेवा योजना के करीबन 100 स्वयं सेवकों ने मोगड़ा कलां गाँव में स्वच्छ भारत अभियान के तहत् श्रमदान कर सफाई की थी। कार्यक्रम के शुरूआत में नवनियुक्त निर्वाचित सरपंच श्री वागाराम जी पटेल व पूर्व सरपंच श्री प्रकाश पटेल को साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर के. आर. पटेल ने पूर्व सरपंच श्री प्रकाश पटेल का प्रतिमाह गाँव में आयोजित कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने हेतु धन्यवाद दिया व नवनियुक्त सरपंच श्री वागाराम जी पटेल से आगामी कार्यक्रमों में सहयोग करने हेतु निवेदन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने किया।















दैनिक भास्कर
08 दिसम्बर 2020

मोगड़ा कलां में स्वच्छ भारत अभियान

## जेएनवीयू ने गोद लिए गांव में सफाई के लिए दी अनुदान राशि बुजुर्गों को दी योजनाओं की जानकारी

एजुकेशन रिपोर्टर | जोधपुर

जेएनवीयू द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना व स्मार्ट विलेज स्कीम के संयुक्त तत्वावधान में विवि द्वारा गोद लिए गए गांव मोगड़ा कलां में कुलपति प्रो. पीके त्रिवेदी के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम व वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कार्यक्रम हुआ।

एनएसएस समन्वयक प्रो. केआर पटेल ने बताया कि कोविड-19 गाइडलाइन की पालना कर गांव में सार्वजनिक स्थानों पर सफाई करवाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा गांव को अनुदान राशि दी गई। इसके अंतर्गत गांव की मुख्य सड़क, पंचायत भवन, राजकीय सीनियर सैकंडरी विद्यालय, राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी इत्यादि स्थानों पर साफ-सफाई की जाएगी। कार्यक्रम में गांव के नागरिकों से गांव को स्वच्छ रखने के लिए विशेष प्रयास करने को लेकर अवगत करवाया गया। खुले में शौच नहीं करने, सरकारी योजना के तहत टॉयलेट का निर्माण करवाने, जलाशयों की विशेष सफाई रखने, नदी-नालों के साफ रखने व कचरे को एक स्थान पर इकट्ठा कर उसका निस्तारण करने आदि के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण गहलोत ने वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत किया। वरिष्ठ नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना व उनके समाधान को लेकर चर्चा की गई। वरिष्ठ नागरिकों को सरकारी योजनाएं, वृद्धावस्था पेंशन व अन्य फ्लेगशिप कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। वरिष्ठ महिलाओं से भी संवाद स्थापित कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ लेने, आधार कार्ड का उपयोग करने व अन्य सरकारी सहायता प्राप्त करने के लिए अवगत करवाया गया।

## वरिष्ठ नागरिकों से संवाद

**12.12.20**

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् मोगड़ा कलां गाँव में माह नवम्बर, 2020 में प्रस्तावित कार्यक्रम कोविड–19 की महामारी के कारण 06, दिसम्बर को गाँव के होली चौक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कोविड–19 की महामारी उन्मूलन की गाइड लाईन की पालना करते हुए मोगड़ा कलां गाँव के वरिष्ठ नागरिकों से संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत व राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को ध्यान से सुना व उनके समाधान हेतु उनसे चर्चा की। वरिष्ठ नागरिकों को सरकारी योजनाए, वृद्धावस्था पेंशन व अन्य फ्लेगशीप की जानकारी दी गई। उनके स्वास्थ जीवन हेतु समय –समय पर अस्पताल जाकर स्वास्थ जाँच करवाने, सरकारी अस्पताल से मुफ्त दवाईयां लेने जैसी बातों से अवगत करवाया गया व सीख दी गई। कोरोना–19 महामारी से बचाव हेतु उन्हें। विशेष ध्यान रखने, खांसी, जुकाम या बुखार आने पर तुरन्त अस्पताल में जाकर चेक अप करवाने, जैसी महत्वपूर्ण बातों से उनका पुनः ध्यान आकर्षण किया गया। वरिष्ठ नागरिक महिलाओं से भी संवाद स्थापित कर उन्हें। सार्वजनिक वितरण प्रणाली से धान (गेंहु) की खरीद करने, आधार कार्ड का उपयोग कर अन्य सरकारी सहायता का लाभ लेने व स्वास्थ का ध्यान रखने तथा समय–समय पर अस्पताल में स्वास्थय परामर्श लेने हेतु अवगत करवाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में वरिष्ठ नागरिकों (पुरूष व महिलाओं) का उत्साहवर्धन करने हेतु उन्हें। माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों व सरपंच श्री वागाराम जी पटेल से अपने उद्बोधन में विशेष अपील

कर कोरोना–19 से ग्रसित व्यक्तियों को 14–17 दिन तक होम क्वारंटाइन रहने के नियम का पालन करवाने हेतु निवेदन किया।
















राजस्थान पत्रिका
08-12-20

राजस्थान पत्रिका
जोधपुर, मंगलवार, 08 दिसम्बर, 2020

जेएनवीयू: एनएसएस के तहत...

## वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कार्यक्रम

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जोधपुर. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना व स्मार्ट विलेज स्कीम के संयुक्त तत्वावधान में गोद लिए गए गांव मोगड़ा कलां में स्वच्छ भारत अभियान और वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस समन्वयक प्रो. केआर पटेल ने बताया कि गांव की मुख्य सड़क, पंचायत भवन, राजकीय सीनियर सैकेण्डरी विद्यालय, राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनवाडी इत्यादि स्थानों पर साफ-सफाई की गई। नागरिकों को खुले में शौच नहीं करने, सरकारी योजना के तहत् टॉयलेट का निर्माण करवाने, जलाशयों की विशेष सफाई रखने, नदी-नालों के साफ रखने व कूड़ा-करकट को एक स्थान पर एकत्रित कर निस्तारण करने जैसी महत्वपूर्ण बातों से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण गहलोत ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना व उनके समाधान के लिए चर्चा की गई।

# <u>मोगड़ा कलां गाँव के मनरेगा कार्य स्थल पर स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित</u>

**<u>22.12.2020</u>**

राष्ट्रीय सेवा योजना, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को मोगड़ा कंला गाँव में एक दिवसीय जाँच शिविर का आयोजन किया गया। मोगड़ा के सरपंच वागाराम पटेल के निवेदन पर शिविर का आयोजन ज़र्रानाड़ी के मनरेगा कार्यस्थल पर किया गया ताकि श्रमिक महिलाओं को इस का अधिकाधिक फायदा मिल सके। राष्ट्रीय योजना के समन्वयक प्रोफेसर के. आर. पटेल ने शिविर की शुरूआत करते हुए सबको रोजगार सबको स्वास्थ्य का अधिकार विषय पर अपना उद्बोधन दिया। शिविर में बीएमएचओ डॉ. मोहनदान दे थाने कोरोना से बचाव हेतु सुझाव दिए एवं मोसमी बीमारियों की जाँच कर निदान हेतु जरूरी दवाओं का निःशुल्क वितरण किया। नोडल अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. मंजू गुप्ता, एएनएम अंजलि गौतम एवं फार्मासिस्ट राकेश की टीम ने पचास से ज्यादा महिलाओं की स्वास्थ्य जाँच कर उचित दवाओं के साथ–साथ उन्हें। स्वास्थ्य संबंधी जरूरी परामर्श दिए। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस. एस. मीणा, स्वयं सेवक सुमेंरमल, दिनेश मेंहरा एवं सुरेंद्र रेबारी ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक कुमार पटेल ने किया। इस अवसर पर गाँव के पूर्व सरपंच प्रकाश पटेल, युवा नेता भैराराम पटेल, ओमप्रकाश साई, इत्यादि ने सहयोग प्रदान किया।















## स्वास्थ्य जांच शिविर में वितरित की दवाईयां

नवज्योति/जोधपुर। स्मार्ट विलेज स्कीम एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, जय नारायण व्यास विवि के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मोगड़ा कल्ला गाँव में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जर्रा नाड़ी के मनरेगा कार्यस्थल पर किया। नोडल अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. खरता राम हपटेल ने शिविर की शुरुआत करते हुए सब को रोजगार-सब को स्वास्थ्य का अधिकार विषय पर अपना उद्बोधन दिया। शिविर में बीएमएचओ डॉ. मोहनदान देथा ने कोरोना से बचाव के सुझाव दिए एवं मौसमी बीमारियों की जाँच कर दवाओं का निशुल्क वितरण किया। स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. मंजू गुप्ता, एएनएम अंजलि गौतम एवं फार्मासिस्ट राकेश की टीम ने पचास से ज्यादा महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उचित दवाओं के साथ-साथ उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जरूरी परामर्श दिए। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एसएस मीणा, स्वयंसेवक सुमेरमल, दिनेश मेहरा एवं सुरेंद्र रेबारी ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। संचालन डॉ. अशोक कुमार पटेल ने किया। इस अवसर पर गाँव के पूर्व सरपंच प्रकाश पटेल, युवा नेता भैराराम पटेल, ओमप्रकाश साईं ने सहयोग प्रदान किया।

## मोगड़ा कलां गांव में चिकित्सा जांच शिविर आयोजित



जेएनवीयू राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत बुधवार को मोगड़ा कलां गांव में एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत और प्रो. खरताराम पटेल ने बताया कि डॉ. मोहनदान देथा ने कोरोना से बचाव के लिए सुझाव दिए। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजू गुप्ता, एएनएम अंजलि गौतम और फार्मासिस्ट राकेश की टीम ने जांच की। इस मौके पर डॉ. एसएस मीणा, सुमेरमल, दिनेश मेहरा, सुरेंद्र रेबारी, डॉ. अशोक कुमार पटेल, पूर्व सरपंच प्रकाश पटेल, भैराराम पटेल, ओमप्रकाश साईं ने सहयोग किया।

भास्कर 24/12/20

पत्रिका - 24/12/20

## मनरेगा कार्यस्थल पर चिकित्सा शिविर

जोधपुर @ पत्रिका. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार को मोगड़ा कल्ला गांव में मनरेगा कार्यस्थल पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रो प्रवीण गहलोत के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस समन्वयक प्रो. केआर पटेल ने सब को रोजगार-सब को स्वास्थ्य का अधिकार विषय पर अपना उद्‌बोधन दिया।

## <u>स्मार्ट विलेज में  नागरिकों हेतु ई–बैंकिंग साक्षरता कार्यक्रम</u>
## <u>11.2.2021</u>

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र के स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् गोद लिए गए मोगड़ा कलां गाँव में आज दिनांक 11.02.2021 को वरिष्ठ नागरिकों को ई–बैंकिंग हेतु एप डाउनलोड करने, ई–बैंकिंग द्वारा लेन–देन करने इत्यादि बातों को सिखाकर उन्हें ऑनलाईन बैंकिंग हेतु साक्षर किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया की गाँव में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा वरिष्ठ ग्रामीणों को ई–बैंकिंग के फायदें, ई–बैंकिंग का तरीका, ई–बैंकिंग का पासवर्ड, ओटीपी इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अशोक पटेल ने ग्रामीणों को ई–बैंकिंग हेतु सावधानियों से अवगत करवाते हुए उन्हें। बताया की आपको किसी से भी अपना पीन नम्बर व ओटीपी साझा नहीं करना हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को ए.टी.एम. मशीन से रूपये निकालने, रूपये जमा करवाने, पासबुक को प्रिंट करने इत्यादि की जानकारी भी दी गई।








# <u>विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विलेज मोगड़ा कलां में सामाजिक सरोकार</u>

## <u>स्वच्छता कार्यक्रम</u>

**<u>11.2.2021</u>**

दिनांक 11.02.2021 को एक दिवसीय शिविर में मोगड़ा कलां गाँव के ग्रामीणों को गाँव को स्वच्छ बनाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. अशोक कुमार पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक भैराराम, सुमेंरमल व प्रवीण ने गाँव में फतेहगीरी महाराज की भाखरी पर रत्नगीरी महाराज की बरसी पर आयोजित मेंले में ग्रामीणों से रूबरू होकर उन्हें। स्वच्छता हेतु संवाद स्थापित किया।

डॉ. अशोक कुमार ने ग्रामीण महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें। खुले में शौच बंद करने, वर्षा का जल संग्रहण करने, गाँव की मेंड़ी पर लगी हुई बबुल की झाड़ीयों को काटकर साफ करने, गाँव में नए वृक्ष लगवाने, गाँव के चौपाल हेतु स्थित जगह रावला चौक को साफ–सुथरा रखने, गाँव की मुख्य सड़क पर स्थित घरों पर गोबर से पुनः निपाई कर उस पर पारम्परिक माडणा/भित्ति चित्र बनवाने हेतु उनसे आहवान किया।











<u>**नेत्र जाँच शिविर**</u>

<u>**11.2.2021**</u>

दिनांक 11.02.2021 को फतेहगीरी महाराज की भाखरी मेंला स्थल पर विश्वविद्यालय की तरफ से निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र जाँच शिविर हेतु विश्वविद्यालय द्वारा ए.एम.जी. नेत्र चिकित्सालय का सहयोग लिया गया। नेत्र जाँच शिविर में चिकित्सको द्वारा ग्रामीण पुरूषों व महिलाओं की आँखों की जाँच कर उन्हें। उचित नम्बर का चश्मा प्रदान किया गया। शिविर में आँखों की मोतीयाबिंद बिमारी वाले ग्रामीणों को शल्यक्रिया हेतु बताया गया। ज्ञात्वय है कि शिविर में नजर के चश्में का निःशुल्क वितरण विश्वविद्यालय द्वारा किया गया व मोतियाबिन्द शल्यक्रिया हेतु भी विश्वविद्यालय आर्थिक सहायता प्रदान करेगा। शिविर में कुल 110 ग्रामीणों की आँखों की जाँच की गई।












<u>**स्वास्थ्य जाँच शिविर**</u>

<u>**11.2.2021**</u>

मेंले स्थल पर विश्वविद्यालय द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सालावास के सहयोग से स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जाँच शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश मेंहला व उनके टीम के सदस्य से ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच कर उन्हें। दवाईयां प्रदान की गई। स्वास्थ्य जाँच शिविर में सामान्य बुखार, खांसी, जुकाम, बदन दर्द, उच्च रक्तचाप, मधुमेंह इत्यादि से ग्रसित बिमार व्यक्तियों को आवश्यक परामर्श देकर उन्हें। नियमित जाँच हेतु सुझाव भी दिए गए। शिविर में कुल 50 मरीजों की जाँच की उन्हें। लाभान्वित किया गया।












# रक्त–दान शिविर

**11.2.2021**

मेंले स्थल पर विश्वविद्यालय द्वारा रक्त–दान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त–दान शिविर का आयोजन अम्बिका ब्लड बैंक अस्पताल द्वारा किया गया। रक्तदान पूर्व डॉ. अशोक कुमार पटेल ने ग्रामीणों को रक्तदान पर अपना व्याख्यान दिया कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर रक्तदान की भ्रांतियों को दूर किया। रक्तदान शिविर में कुल 26 यूनिट रक्तदान हुआ। ज्ञात्वय है कि मोगड़ा कलां गाँव में पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।










<u>**कोरोना बिमारी उन्मूलन हेतु टीकाकरण पर कार्यक्रम**</u>

मेंला स्थल पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर कोरोना बिमारी के उन्मूलन हेतु मास्क लगवाने तथा टीकाकरण के प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. अशोक कुमार पटेल ने ग्रामीणों से कोरोना टीके को सुरक्षित बताया गया व समाज में व्याप्त टीके के बारे में भ्रांतिया/अफवाह से सावधान रहने हेतु अवगत करवाया गया। ग्रामीणों से गाँव में सर्वप्रथम टीकाकरण करवाने की विश्वविद्यालय से मांग की व टीका शिविर के आयोजन होने पर प्रशासन का सहयोग करने हेतु अपनी सहमती प्रदान की।

- सम्पूर्ण एक दिवसीय बहुउद्‌देश्य शिविर में ग्रामीणों की रेलमपेल रही व ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर गाँव के सरपंच वागाराम पटेल, पूर्व सरपंच प्रकाश पटेल, अमराराम, पोकरराम, पोलाराम, भैराराम, दिनेश, विक्रम, हनुमान, मगाराम ने सहयोग प्रदान किया। विश्वविद्यालय की तरफ से डॉ. दिनेश गहलोत, स्वयं सेवक भैराराम, सुमेंरमल ने सहयोग प्रदान किया। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों व स्वयं सेवकों ने मेंले में आयोजित सामुहिक भोज का आनंद लिया व ग्रामीणों द्वारा आयोजित सामुहिक भोज के महत्व को जाना।












## विवि ने स्मार्ट विलेज मोगड़ा कलां में सामाजिक सरोकार निभाए

जोधपुर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र के आदेशानुसार व्यास विश्वविद्यालय द्वारा गत वर्ष मोगड़ा कलां गांव को स्मार्ट विलेज योजना में शामिल किया गया था। इसके तहत गुरूवार को मोगड़ा कलां गांव के फतेहगिरी महाराज भाखरी पर रत्नगिरी महाराज की 26वीं बरसी पर रक्त दान शिविर, नेत्र जॉंच शिविर, स्वास्थ्य शिविर तथा ई-बैंकिंग, साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 110 ग्रामीणों ने अपनी नेत्र जॉंच करवाई। नेत्र जॉंच का कार्य एएसजी नेत्र चिकित्सालय द्वारा किया गया। जिसमें जॉंच के पश्चात् आवश्यकता अनुसार चश्मे की भी व्यवस्था की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सालावास द्वारा 50 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई।

## रक्तदान कर रतनगिरी महाराज को किया याद



नवज्योति/लूणी। मोगड़ा स्थित फतेहगिरी महाराज की भाकरी पर श्रद्धालुओं ने 26 यूनिट रक्तदान कर फतेहगिरी भाकरी के रतनगिरी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर मे सैकड़ों ग्रामीणों की आंखों की जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। एनएसयूआई के भैराराम पटेल ने बताया कि फतेहगिरी भाकरी के ब्रह्मलीन गादीपति रतनगिरी महाराज की 26वीं पुण्यतिथि पर युवाओं ने संत की याद में 26 युनिट का रक्तदान किया। इस अवसर पर जेएनवीयू के प्रोफेसर डॉ. दिनेश गहलोत, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. प्रवीण कुमार, मोगड़ा सरपंच वागाराम पटेल, पूर्व सरपंच प्रकाश पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता वागाराम करवड़, हनुमान पटेल व भागीरथ सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

# <u>मोगड़ा कलां गाँव में नशा मुक्ति हेतु जनचेतना</u>

**<u>14.3.2021</u>**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् गोद लिए गए गाँव मोगड़ा कलां में दिनांक 14.03.2021 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर नशा मुक्ति हेतु जनचेतना अभियान चलाया गया। गाँव के पंचायत भवन में नोडल अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि यदि नशा व्यसनी व्यक्ति यदि नशे को छोड़ना चाहता है तो विश्वविद्यालय उस व्यक्ति को नशा मुक्ति केन्द्र पर ले जाएंगे व सम्पूर्ण नशा मुक्ति पर आने वाले खर्च का वहन करेंगे। नशा मुक्ति पश्चात् विश्वविद्यालय उसे 5,000/— रूपये की सहायता उपलब्ध करवाएगा ताकि व्यसन मुक्ति पश्चात् ग्रामीण अपने कृषि या अन्य व्यवसाय पर ध्यान लगा सकें। इस अवसर पर ग्राम सरपंच वागाराम जी पटेल ने बताया की विश्वविद्यालय द्वारा नशा व्यसन हेतु सहायता उपलब्ध करवाना एक अनुठी पहल हैं। इससे व्यसन करने वाले व्यक्ति को पूर्नावास हेतु सहायता देने पर विश्वविद्यालय का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वयं सेवक भैराराम, प्रवीण, जयसूर्या इत्यादि ने सहयोग प्रदान किया।









# नजर के चश्में का वितरण

**14.3.2021**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् फरवरी माह में आयोजित नेत्र जाँच शिविर में कमजोर नजर के ग्रामीणों को चिंहित किया गया था। अतः आज दिनांक 14.03.2021 के विश्वविद्यालय द्वारा उनके नजर के चश्में की निःशुल्क व्यवस्था करके उन्हें। ग्रामीणों को विवरित किए। इस अवसर पर उपस्थित सरपंच वागाराम जी पटेल ने विश्वविद्यालय का आभार जताया व बताया की ऐसे शिविरों का पुनः आयोजन करें ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को लाभ मिल सकें। कार्यक्रम में लाभार्थी, अन्य ग्रामीण पुरूष, महिलाए उपस्थित थे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने व्यवस्था का जिम्मा संभाला।







# सालावास ग्राम को जेएनवीयू ने लिया गोद
# सालावास महोत्सव का होगा आयोजन

**नवज्योति/जोधपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र के आदेश के तहत जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रो. प्रवीण चंद्र त्रिवेदी ने लूणी पंचायत समिति के सालावास गांव को गोद लेकर स्मार्ट विलेज में शामिल किया हैं। विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. दिनेश कुमार गहलोत को इसका नोडल अधिकारी बनाया गया हैं। इस मौके नोडल अधिकारी डॉ. गहलोत ने गांव के जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों से मिलकर ग्राम विकास के लिए एक्शन प्लॉन बनाया।जिसे ग्राम सभा की बैठक में अनुमोदन के लिए रखा गया।राजीव गांधी भवन में आयोजित ग्राम सभा के प्रारंभ में सरपंच ओमाराम पटेलए ग्राम विकास अधिकारी राजीव चौधरी तथा अन्य वार्ड पंचों की उपस्थिति में ग्राम सभा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।प्रारंभ में खंड विकास अधिकारी गोपाल परिहार ने ग्राम सभा में पारित होने वाले एक्शन प्लॉन के लिए हरसंभव प्रशासनिक सहायता देने का आश्वासन दिया।इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ. गहलोत का अभिनंदन किया। डॉ. गहलोत ने एक्शन प्लॉन बना प्रस्ताव पारित किए। इसके तहत गांव में संवैधानिक जागरूकता के लिए संविधान पार्क का निर्माण तथा युवाओं में संवैधानिक व विधिक जागरूकता के लिए प्रमाण पत्र कोर्स, रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण शिविर तथा ऑनलाइन कोर्स का प्रस्ताव पारित किया गया। गांव में सुरक्षा के लिहाज से मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमेरे, मुख्य मार्गों पर प्रवेश द्वार का निर्माण, वाचनालय व पुस्तकालय तथा सभी सार्वजनिक स्थानों पर प्रस्तावना स्तंभ, 10 वीं तथा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सरपंच पदक से सम्मानित करने का प्रावधान किया। दूसरे शहरों में बसे गांव के लोगों को पुनः जोड़ने के लिए सालावास महोत्सव का आयोजन का प्रस्ताव भी अनुमोदित किया। डॉ. गहलोत ने बताया, ग्रामसभा से पारित यह एक्शन प्लान राज्यपाल को भेजा जाएगा। वहीं इसकी प्रतिलिपि जिलाधीश, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी जाएगी। इस संदर्भ में वित्तीय स्त्रोतों की व्यवस्था को लेकर स्थानीय विधायक व सांसद से संपर्क भी किया जाएगा। संविधान की प्रस्तावना लगाने के लिए नोडल अधिकारी डॉ. गहलोत ने अपने 2 माह का वेतन देने की घोषणा की। बैठक में सरपंच, वार्ड पंच, अभिभावक संघ के अध्यक्ष बाबूलाल भोभरिया, विद्यालय के प्राचार्य धर्मपाल नारनोलिया, व्याख्याता उम्मेद राज लक्षकार, पूर्व उपसरपंच हजारिसिंह गहलोत, माली समाज के अध्यक्ष संपत राज गहलोत, रमेश भाटी, विश्वविद्यालय के शोध छात्र महिपाल गहलोत अणदाराम भोभरिया, मोतीलाल भोभरिया तथा मालाराम प्रजापत उपस्थित थे।



# स्मार्ट विलेज सालावास के लिए नोडल अधिकारी देंगे दो महीने का वेतन

**डोली** | स्मार्ट विलेज में शामिल किए गए सालावास ग्राम पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसमें नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत ने सरपंच ओमाराम पटेल व ग्राम विकास अधिकारी राजीव चौधरी के साथ मिलकर एक्शन प्लान बनाया। साथ ही नोडल अधिकारी डॉ. गहलोत ने अपने 2 महीने का वेतन सालावास स्मार्ट विलेज में विकास कार्य के लिए देने की घोषणा की। ग्रामसभा के प्रारंभ में सरपंच पटेल व ग्राम विकास अधिकारी चौधरी सहित वार्ड पंच व ग्रामीणों ने राज्यपाल और कुलपति को सालावास ग्राम पंचायत को स्मार्ट विलेज में शामिल करने पर आभार जताया। बैठक में उपखंड अधिकारी गोपाल परिहार ने ग्रामसभा में पारित होने वाले एक्शन प्लान के लिए प्रशासनिक सहायता देने का आश्वासन दिया।



ग्राम सभा में उपस्थित अधिकारी।

## सरकारी स्कूल में आधुनिक क्लास रूम के लिए 21 लाख की घोषणा



जोधपुर @ पत्रिका. उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक निर्मल गहलोत ने जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से स्मार्ट योजना के तहत गोद लिए सालावास गांव के अचलदास बागरेचा राउमा विद्यालय के विकास के लिए इक्कीस लाख रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार गहलोत ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय की तरफ से उत्कर्ष क्लासेस को इस योजना व ग्राम विकास में सहयोग के लिए निवेदन किया गया। इस पर निर्मल गहलोत ने विद्यालय में 20 गुणा 30 के एक हॉल को स्मार्ट पैनल बोर्ड (इंटरएक्टिव डिस्प्ले), लैपटॉप, 10 कंप्यूटर, डीवीडी प्लेयर, प्रोजेक्टर, वीसीआर सुविधाओं के साथ स्मार्ट क्लासरूम के रूप में निर्मित करने के लिए 21 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। घोषणा के बाद सालावास सरपंच ओमाराम पटेल ने खुशी जताई। गांव के अभिभावक संघ के अध्यक्ष बाबूलाल भोबरिया ने आभार प्रकट किया।

## सालावास स्मार्ट विलेज विद्यालय में सैनिटाइजर मशीन दी



**जोधपुर/नवज्योति।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए सालावास गांव के अचलदास बागरेचा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक तथा विद्यार्थियों के लिए सैनिटाइजर मशीन भेंट की। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत ने बताया, सालावास के पूर्व सरपंच संतोकसिंह गहलोत की ओर से भेंट की गई सैनिटाइजर मशीन को विद्यालय में लगा दिया गया हैं। मशीन का हाईकोर्ट के अधिवक्ता रजाक हैदर ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य उम्मेद राज लक्षकार, अभिभावक संघ के अध्यक्ष बाबूलाल भोबरिया, अधिवक्ता पंकज चौधरी, व्याख्याता बबलाराम परिहार तथा अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## शिविर में 61 युवाओं ने किया रक्तदान



धुंधाड़ा @ पत्रिका. सालावास स्मार्ट विलेज के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कबीर आश्रम में रखा गया। नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश कुमार गहलोत ने बताया कि मथुरादास माथुर अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से शिविर में 61 युवाओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर कबीर आश्रम के महंत अमर साहेब, सरपंच ओमाराम पटेल, माली समाज के अध्यक्ष सम्पतराज गहलोत, अभिभावक संघ के अध्यक्ष बाबूलाल भोबरिया, रामदेव कल्याण संस्थान के अध्यक्ष करणसिंह राठौड़ ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन व सहयोग किया।

# प्रशिक्षण शिविर में 21 महिलाओं को दिए प्रमाणपत्र

**नवज्योति/धुंधाड़ा।** सालावास स्मार्ट विलेज के तहत ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए पंद्रह दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को शिविर के समापन पर कबीर आश्रम में प्रशिक्षणार्थियों को




प्रमाण पत्र दिए। मुख्य अतिथि महंत अमर साहेब व महिला अध्ययन केंद्र के रिसर्च एसोसिएट डॉ. महेश परिहार ने प्रमाण.पत्र वितरित किए। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत ने बताया, ब्यूटी पार्लर से संबंधित शिविर में 21 ग्रामीण महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया।

# संत युक्ति साहेब की 50वीं बरसी पर हुआ 61 यूनिट रक्तदान

**नवज्योति/जोधपुर।** सालावास स्थित सद्गुरु कबीर आश्रम में सद्गुरु कबीर ट्रस्ट सेवा समिति, सालावास की ओर से शुक्रवार को संस्थापक संत युक्ति साहेब की 50वीं बरसी आश्रम महंत अमरदास साहेब के पावन सानिध्य में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समिति के सदस्य सालावास पूर्व सरपंच चेतनलाल प्रजापत ने बताया, इस दौरान सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष करणसिंह राठौड़ के निर्देशन और सालावास स्मार्ट विलेज, जेएनवीयू के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान शिविर में 61 यूनिट रक्तदान हुआ। जिसमें वरिष्ठजन, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में मथुरादास माथुर अस्पताल ब्लड बैंक की मेडिकल



टीम ने सहयोग दिया। सभी रक्तदाताओं का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। सैनाचार्य अचलानंदगिरी महाराज ने अपने आशीर्वचन में रक्तदान, नेत्रदान और देहदान को महादान बताते हुए नशा मुक्तिए माता.पिता की सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। दोपहर 12से शाम 5 तक सत्संग का आयोजन हुआ। सत्संग की आरती के पश्चात शाम 5 बजे से संत गुरुजनों का स्वागत और महाप्रसादी तथा संध्या पाठ के बाद रात्रि 8 बजे से सत्संग का आयोजन हुआ। इस आयोजन में संतगण, धर्मप्रेमी, जनप्रतिनिधि, रक्तवीर, कलाकार और भक्तगण शामिल हुए। महंत अमरदास ने बताया, सालावास सरपंच ओमाराम पटेल ने आश्रम में फर्श कार्य के लिए दस लाख का सहयोग दिया।

# महिला प्रशिक्षण शिविर का समापन



**धुंधाड़ा @ पत्रिका.** सालावास स्मार्ट विलेज के तहत ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए महिलाओं के लिए पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं को ब्यूटी पार्लर से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के समापन पर प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाली महिलाओं को कबीर आश्रम में प्रमाण पत्र दिए गए। प्रमाण पत्र वितरण समारोह के मुख्य अतिथि कबीर आश्रम के महंत अमर साहेब तथा महिला अध्ययन केन्द्र के रिसर्च एसोसिएट डॉ.महेश परिहार ने प्रमाण पत्र वितरित किए। नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश गहलोत ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में 21 ग्रामीण महिलाओं को रोजगार परक ब्यूटी पार्लर से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

संगोष्ठी, परिचर्चा आदि कार्यक्रम होंगे।

# महिला रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण शिविर का समापन

**डोली|** सालावास स्मार्ट विलेज में महिलाओं को रोजगार के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। मुख्य अतिथि महंत अमर साहेब, डॉ. महेश परिहार ने प्रमाण पत्र वितरित किए। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत ने बताया कि ब्यूटी पार्लर से संबंधित शिविर में 21 महिलाओं ने भाग लिया। अभिभावक संघ के अध्यक्ष बाबूलाल भोबरिया ने आभार जताया।

# शाबास ! राज्यपाल ने सालावास आदर्श गांव में उत्थान कार्यों को सराहा

## नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत के प्रयास रंग लाए

**नवज्योति/जोधपुर।** राजभवन के निर्देशों के तहत व्यास विश्वविद्यालय के गोद लिए सालावास आदर्श गांव के अल्प समय में ही भरसक उत्थान कार्यों की राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने मुक्तकंठ सराहना की। जिस पर ग्रामीण खुशी से फूले नहीं समाए। वहीं राज्यपाल की तारीफ के बाद सालावास के नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश गहलोत को बधाइयों का तांता लग गया। विवि के वर्चुअल दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल मिश्र ने संबोधन के दौरान सालावास आदर्श गांव के विकास कार्यों की विशेष सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि सालावास में मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा दसवीं व बारहवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों हेतु 51 हजार रुपयों की एफडी तथा लैपटॉप ग्राम पंचायत विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ की गई है। रक्तदान शिविर, महिलाओं के लिए रोजगार प्रशिक्षण शिविर, कौशल विकास कार्यक्रम, जन्मदिन मनाओ-पुण्य कमाओ जैसे नवाचारों से सकारात्मक दृष्टिकोण की ओर प्रेरित किया गया है। इसके अलावा आधुनिक शिक्षा के लिए गांव के विद्यालय में विशेष डिजिटल कक्ष का निर्माण करने की योजना की भी सराहना की। कोरोना काल में भी सालावास गांव में विकासपरक कार्य व जनोपयोगी सेवाएं प्रदान करने को रेखांकित किया गया। वहीं राज्यपाल ने मोगड़ा कला गांव को आदर्श गांव बनाने के लिए गोद लेकर सृजनात्मक महत्व की भी सराहना की।

**डॉ.गहलोत के प्रयास सराहनीयः** उल्लेखनीय है कि नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश गहलोत ने सालावास गांव में विकास कार्यों के लिए अपने स्तर पर ही काफी संसाधन जुटाए हैं। इसके अलावा गांव में नियमित तौर पर गतिविधियां आयोजित हो रही है। गांव में उत्थानपरक कार्यों को लेकर राज्यपाल की सराहना के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर छा गई। ग्रामीणों ने डॉ.गहलोत के प्रयासों पर आभार जताया।

जेएनवीयू की अनूठी सामाजिक पहल

# यहां इंसान गायों के साथ मनाता है जन्मदिन

पत्रिका सोशल प्राइड

**गोद लिए सालावास गांव में हर ग्रामीण अपने जन्मदिन पर गौ शाला में कर रहा दान**

**2 महीने में 11 लोगों ने 2.10 लाख रुपए गौ शाला में दान किए**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com





जोधपुर. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से सामाजिक दायित्व की दिशा में एक अनूठी पहल की गई है। जिसके अंतर्गत लोगों को अपना व अपने परिवारजनों का जन्मदिन समारोह गौ शाला में मनाने और वहां गायों के चारे-पानी के लिए दान देने का विकल्प दिया गया है। सालावास गांव में शुरू की गई इस योजना के करीब ढाई महीने में ही 11 लोगों ने गौ शाला आकर जन्मदिन मनाया और उनके गायों को सौगात के तौर पर करीब 2.10 लाख रुपए मिल गए। गायों को अब भरपेट चारा-पानी मिल रहा है और ग्रामीण भी उनकी ओर से आश्वस्त हो गए।

राज्यपाल व कुलाधिपति कलराज मिश्र के आदेश पर विवि की ओर से इस साल जनवरी के प्रथम सप्ताह में सालावास गांव को गोद लिया गया। राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ दिनेश गहलोत को इसका नोडल अधिकारी बनाया गया। स्मार्ट विलेज योजना में शामिल होने के बाद सालावास में 'जन्मदिन मनाओ पुण्य कमाओ' योजना शुरू करके गांव के गणमान्य नागरिकों व युवाओं से अपना जन्मदिन गौशाला में मनाने का आह्वान किया गया है। योजना की शुरुआत गांव के युवा सरपंच ओमाराम पटेल के जन्म दिवस पर 3 फरवरी 2021 को हुई।

### यह है प्रक्रिया

निर्धारित प्रपत्र में पंजीकरण करने के बाद नोडल अधिकारी फोन करके संबंधित व्यक्ति को जन्मदिवस पर औपचारिक रूप से आमंत्रित करता है। गांव के गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच जन्म दिवस मनाया जाता है। जन्मदिन मनाने वाले को साफा, माला व स्मृति चिन्ह दिया जाता है। घेवर का केक काटा जाता है।

### यह है योजना

इसके अंतर्गत गांव के लोग गौ शाला में आकर अपना जन्म दिवस मनाते है और अपनी इच्छा से गायों के लिए दान पुण्य का कार्य करते हैं। इसके लिए न्यूनतम राशि 5100 रुपए है।

विवि शिक्षक के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम एक प्रयोग है। यहां के अनुभव से बेहतर अध्यापन संभव है। इससे भारतीय संविधान के उद्देश्यों की भी पूर्ति हो रही है।

**डॉ दिनेश गहलोत**, नोडल अधिकारी, सालावास स्मार्ट विलेज योजना, जेएनवीयू

# युवा उद्यमी ने गौशाला में मनाया बिटिया का जन्मदिन




**नवज्योति/जोधपुर।** व्यास विश्वविद्यालय के सालावास स्मार्ट विलेज योजना में नई पहल को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। जन्मदिन मनाओ पुण्य कमाओ योजना के अंतर्गत युवा उद्यमी दिनेश भोबरिया ने अपनी 1 वर्षीय पुत्री वृंदा का जन्म दिवस स्थानीय गौशाला में मनाया तथा उन्होंने इस अवसर पर रुपए 14000 की राशि गौशाला में भेंट की।

# सालावास पूर्व सरपंच ने गौशाला में मनाया जनमोत्सव



**नवज्योति/धुंधाड़ा।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत सालावास के पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी संतोकसिंह गहलोत ने अपने जन्म दिवस पर सराहनीय पहल करते हुए गौशाला में 21 हजार रूपये की राशि दान की। सालावास.सांगरिया.झालामंड माली समाज अध्यक्ष संपतराज गहलोत ने बताया कि स्मार्ट विलेज द्वारा जन्म दिन मनाओं पुण्य कमाओ योजना के तहत सालवास ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच सालावास के संतोकसिंह गहलोत ने अपना जन्म दिन गौशाला में मनाया। इस मौके पर पूर्व सरपंच गहलोत ने गौशाला में केक काटा तथा गौशाला में अपने जन्मोत्सव पर 21 हजार रूपये की राशि गौ हितार्थ दान की। गौशाला में राशि भेंट करने पर गहलोत का साफा व पुष्पाहार पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान सरपंच ओमाराम पटेल, बाबूलाल, मोतीलाल प्रजापतए शिवलाल गहलोत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्मार्ट विलेज योजना के नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश गहलोत ने बताया कि स्मार्ट विलेज द्वारा जन्म दिन मनाओं पुण्य कमाओ योजना के तहत अभी तक इस योजना के तहत 30 लोगों ने स्वेच्छा से अपना पंजीयन करवाया हैं।

बोतल, कप, गिलास, बाउल, चम्मच, पेन स्टैंड, टेबल-कुर्सी आदि सामान बनाकर उपयोग लिए जा सकते हैं।

## प्रमाण पत्र कोर्स में सामाजिक विधियों पर उद्बोधन

**जोधपुर @ पत्रिका.** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के गोद लिए



गांव सालावास में ग्रामीणों में विधिक जानकारी के लिए शुरू किए गए प्रमाणपत्र कोर्स में रविवार को सामाजिक विधियां विषय पर उद्बोधन हुआ। मुख्य वक्ता डीजे कोर्ट जोधपुर मेट्रो के रीडर अशोक सांखला ने दहेज निरोधक अधिनियम 1961, घरेलू हिंसा अधिनियम 2006, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, बाल विवाह अधिनियम, पोक्सो एक्ट इत्यादि के विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डाला। व्याख्याता उम्मेद राज लक्षकार ने स्वागत किया। जेएनवीयू के नोडल अधिकारी डॉ दिनेश गहलोत ने संविधान का सामान्य परिचय दिया।

## सालावास स्मार्ट विलेज में विश्वविद्यालय शिक्षकों ने स्कूली विद्यार्थियों को दिए कॅरिअर के टिप्स

**नवज्योति/जोधपुर।** सालावास स्मार्ट विलेज योजना के तहत अचलदास राउमा विद्यालय सालावास में विद्यार्थियों के लिए कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत ने बताया, 12वीं के विषय का चयन कैसे करें इसकी जानकारी दी। जेएनवीयू इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉ. भरत देवड़ा तथा भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ. ओम प्रकाश राजपुरोहित ने स्नातक में विषय चयन प्राथमिकता का निर्धारण करने के टिप्स दिए। प्राचार्य धर्मपाल नारनोलिया ने आभार व्यक्त किया, संचालन उम्मेद राज लक्षकार व बबलाराम ने किया।

## ढोल थाली से किया स्टूडेंटस का वेलकम



**नवज्योति/ जोधपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र के आदेश पर जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर की ओर से लूणी पंचायत समिति के सालावास गांव को स्मार्ट विलेज घोषित किया गया हैं। स्मार्ट विलेज घोषित किए जाने के बाद अचलदास बागरेचा उच्च माध्यमिक विद्यालय सालावास में विद्यार्थियों के प्रवेश पर ढोल थाली से स्वागत किया। स्मार्ट विलेज के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का कुमकुम तिलक लगा मौली बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर अभिभावक संघ के अध्यक्ष बाबूलाल भोभरिया, उपाध्यक्ष अशोक गहलोत व महिपाल गहलोत सहित नागरिक उपस्थित थे।

# ‘कोरोना की दूसरी लहर घातक, लोग ज्यादा लापरवाह’

## विवि के सालावास स्मार्ट विलेज में विशेष व्याख्यान आयोजित




**नवज्योति/जोधपुर।** व्यास विश्वविद्यालय के गोद लिए सालावास स्मार्ट विलेज योजना के तहत आज श्री अचलदास बागरेचा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कोरोना से कैसे बचें? विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता एम्स ऋषिकेश के सहायक आचार्य डॉ महेंद्र गहलोत थे। डॉ महेंद्र गहलोत विद्यार्थियों को कोरोना महामारी के कारणों तथा उससे बचाव के संदर्भ में रखी जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में किसी भी बीमारी को महामारी घोषित करने के कारण तथा प्रक्रिया को समझाते हुए बचाव हेतु सरकारी स्तर पर किए जाने वाले प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कोरोना की पहली लहर व दूसरी लहर में जनता की प्रतिक्रिया की तुलना भी की। उन्होंने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर में जनता में डर कम हुआ है लेकिन लापरवाही भी बढ़ी हुई है जो चिंताजनक है। कार्यक्रम के प्रारंभ में नोडल अधिकारी व व्यास विवि के सहायक आचार्य डॉ.दिनेश गहलोत ने स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला । विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य उम्मीद राज लक्षकार में धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि डॉ महेंद्र गहलोत इसी गांव के मूल निवासी हैं तथा इसी विद्यालय में उन्होंने दसवीं तक अध्ययन किया है।

# जन्मदिन मनाओ पुण्य कमाओ योजना के पेंपलेट का हुआ विमोचन

**नवज्योति/जोधपुर।** सालावास स्मार्ट विलेज योजना के तहत स्थानीय गौशाला में गायों के लिए चारे व पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जन्मदिन मनाओ पुण्य कमाओ योजना शुरु की गई है। इसके लिए जेएनवीयू के कुलपति प्रो. पीसी त्रिवेदी ने पेंपलेट का विमोचन किया। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत ने बताया, योजना के प्रचार.प्रसार के लिए गांव में मुख्य स्थानों पर बड़े.बड़े होडिंग्स लगाए जाएंगे। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. राजश्री राणावत, डॉ. प्रवीण चंद, प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. वीएस परिहार व अन्य शिक्षक उपस्थित थे।



## विवि के स्मार्ट विलेज में ग्रामीण नवाचार मुहिम में जुड़े, पुत्र का जन्मदिन मना गौशाला में राशि दान

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय के गोद लिए



सालावास स्मार्ट विलेज में नवाचारों की मुहिम से ग्रामीणजन लगातार बढ़-चढ़कर जुड़ रहे हैं। इसी मुहिम में नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश गहलोत की पहल जन्मदिन मनाओ पुण्य कमाओ काफी असरदार साबित होती दिख रही है। नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश गहलोत की अपील पर गांव के युवा भामाशाह रमेश बेनीवाल ने अपने पुत्र युवराज बेनीवाल का जन्मदिन गौशाला में मनाया। बेनीवाल ने अपने पुत्र के जन्म दिवस पर एक लाख इग्यारह हजार रुपए की राशि गौशाला में चारे हेतु भेंट की।

## फिर नई पहल ! अब विवि के सालावास स्मार्ट विलेज में जन्मदिन के साथ एनिवर्सरी आयोजन की भी शुरूआत

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय केगोद लिए गए सालावास स्मार्ट विलेज में नित नई पहल की जा रही है। स्मार्ट विलेज में जन्मदिन मनाओ पुण्य कमाओ योजना का अब विस्तार कर दिया गया। अब आयोजन करो, पुण्य कमाओ योजना शुरू कर दी गई है। जिसके साथ ही बुजुर्ग दंपती ने खुद के विवाह की 58 वीं वर्षगांठ का गौशाला में आयोजन किया।

नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश गहलोत ने बताया कि स्मार्ट विलेज में अब आयोजन करो, पुण्य कमाओ योजना से ग्रामीण जुड़ रहे हैं। ग्रामीणों का काफी सहयोग गौशालाव अन्य कार्यों में लगातार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि गांव के लुणाराम गहलोत ने सपत्निक अपनी विवाह की 58 वीं वर्षगांठ गौशाला में जाकर मनाई। इस मौके पर 5100 रुपए की राशि गौशाला में भेंट की। इस अवसर पर युवाओं को इस योजना से अधिक से अधिक जुडने का आह्वान किया। डॉ.गहलोत ने बताया कि कोविड गाइडलाइन की पालना में केवल दो व्यक्तियों को गौशाला में जाकर गायों के चारे हेतु राशि भेंट करने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं रखा गया।

### राज्यपाल ने भी मुक्तकंठ सराहा था

सालावास स्मार्ट विलेज में विकास कार्यो व अनूठी पहल को राज्यपाल कलराज मिश्र ने भी विवि के दीक्षान्त समारोह में मुक्तकंठ सराहा था। सालावास में अब तक कई नवाचारों की ग्रामीणों ने भी काफी तारीफ की है।

## पूर्व सरपंच ने गौशाला में दिए 21 हजार



**धुंधाड़ा.** क्षेत्र के सालावास गांव में सालावास स्मार्ट विलेज के द्वारा जन्मदिन मनाओ, पुण्य कमाओ योजना के तहत सालावास के पूर्व सरपंच संतोकसिंह गहलोत का जन्मदिन गौशाला में मनाया गया। गहलोत ने घेवर का केक काटा। साथ ही गौशाला में गायों के लिए चारे-पानी की व्यवस्था के लिए 21 हजार रुपए भेंट किए।

## 'जन्मदिन मनाओ, पुण्य कमाओ' में 50 लोगों का पंजीयन

तनावड़ा। गांव में 'जन्म दिन मनाओ, पुण्य कमाओ' योजना शुरू की गई है। इसके तहत ग्रामीण अपना जन्म दिन गोशाला में मनाते हैं और गोशाला में चारे-पानी के लिए सहयोग राशि भेंट करते हैं। योजना के पंजीकरण पत्रक का विमोचन कबीर आश्रम के महंत अमर साहेब ने किया। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत ने बताया कि अब तक 50 लोग पंजीयन करवा चुके हैं। इस मौके पर पूर्व सरपंच संतोक सिंह गहलोत, बाबूलाल भोबरिया, संपतराज गहलोत, अणदाराम भोबरिया, मोतीलाल प्रजापत आदि मौजूद थे।

## गौशाला में 13 हजार सौ रुपए भेंट



धुंधाड़ा@पत्रिका. क्षेत्र के सालावास स्थित गौशाला में सालावास स्मार्ट विलेज योजना के तहत जन्मदिन मनाओ पुण्य कमाओ योजना के तहत पूर्व पंचायत समिति सदस्य जयसिंह गहलोत का जन्म दिवस गौशाला में मनाया गया। इस अवसर पर उन्होंने 13 हजार सौ रुपए गौशाला में गायों के चारे व पानी के लिए भेंट किए। सालावास स्मार्ट विलेज योजना के नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश गहलोत ने बताया कि इस योजना में अब तक नौ लोगों का जन्म दिवस मनाया जा चुका है। जिससे लगभग दो लाख रुपए की राशि गौशाला में भेंट की गई है। गौशाला में राशि भेंट देने वाले भामाशाह जयसिंह गहलोत का पूर्व सरपंच संतोकसिंह गहलोत ने साफा अभिनंदन किया।

Scanned with CamScanner

# विवि की सालावास स्मार्ट विलेज योजना में क्रेज

## गौशाला में जन्मदिवस मना 10 हजार भेंट किए

**जोधपुर।** व्यास विश्वविद्यालय के गोद लिए सालावास स्मार्ट विलेज योजना में प्रभारी डॉ. दिनेश गहलोत की पहल से शुरू जन्मदिन मनाओ पुण्य कमाओ योजना का काफी क्रेज बना हुआ है। युग जैन पुत्र विनोद जैन ने अपना जन्म दिवस गौशाला में मनाया। उन्होंने इस अवसर पर अपने परिवार समेत गायों की सेवा की तथा गायों के चारे पानी हेतु 10 हजार रुपए की राशि भेंट की। युग जैन ने जोधपुर से सपरिवार आकर दिनभर गौशाला में गायों की सेवा की। वहीं गौशाला में ही केक काटकर जन्मदिन मनाया।



**दैनिक भास्कर** जोधपुर 12-07-2021

## गोशाला में मनाया जन्मदिन, 16 हजार रुपए किए भेंट

**डोली|** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए सालावास गांव में जन्मदिन मनाओ-पुण्य कमाओ योजना के तहत गांव के पटवारी मनोहर बिश्नोई ने अपने परिवार सहित गोशाला में जन्मदिन मनाया। इस दौरान गोशाला में गायों की सेवार्थ 16 हजार रुपए भेंट किए। इस अवसर पर सरपंच ओमाराम पटेल, शिवलाल गहलोत, भीम प्रजापत, बाबूलाल वैष्णव व ग्रामीण उपस्थित थे।



# एक साथ 5 परिवारों ने गौशाला में मनाई वर्षगांठ

### जेएनवीयू की सामाजिक योजना परवान पर

### गायों के चारे-पानी के लिए एक दिन में 35 हजार 700 रुपए आए



जन्मदिन मनाने वाले व्यक्ति को सम्मानित किया गया

**जोधपुर @ पत्रिका.** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गए सालावास गांव में शुरू की गई जन्मदिन मनाओ, पुण्य कमाओ योजना परिवान चढ़ने लगी है। शुक्रवार को एक साथ 5 परिवार अपनी वर्षगांठ मनाने गौशाला पहुंचे। किसी ने जन्मदिन तो किसी ने विवाह की वर्षगांठ मनाई और गायों के चारे-पानी के लिए अपनी शृद्धानुसार दान किया। एक ही दिन में गौ शाला में 35 हजार 700 रुपए का दान आ गया। आफरी के वाहन चालक डूंगरसिंह गहलोत ने अपनी 32 वीं विवाह वर्षगांठ मनाई। उन्होंने पत्नी मीरा संग 11 हजार गौशाला में दिए। नंदवान गांव के पुखराज सिंघड़ ने 10 हजार रुपए दिए। गांव के ही गोपीलाल गहलोत ने अपने विवाह वर्षगांठ पर 6500 रुपए दान किए। भीया राम पुत्र रामाराम पटेल ने अपने जन्मदिन पर 5100 रुपए दान किए। शाम को गांव के ही गिरधारीलाल भोबरीया ने भी 3100 की राशि गौशाला में भेंट की। नोडल अधिकारी डॉ दिनेश गहलोत ने बताया कि ऐसा पहली बार हुआ कि एक साथ 5 लोगों ने विभिन्न अवसरों को इस योजना से जोड़ते हुए राशि भेंट की। सरपंच ओमा राम पटेल ने बताया कि अब अन्य गांव भी इस योजना से प्रेरित हो रहे हैं। माली समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूलाल सांखला, बस्तीराम, जयराम मेहरिया, मदन लाल गहलोत, रमेश भाटी, धनाराम प्रजापत उपस्थित थे।

# गौशाला में मनाया जन्मदिन, 21 हजार की राशि भेंट की



**जोधपुर।** राज्य सरकार की स्मार्ट विलेज योजना के तहत व्यास विश्वविद्यालय के गोद लिए सालावास गांव में जन्मदिन मनाओ पुण्य कमाओ योजना काफी प्रभावी साबित हो रही है। इसी योजना में ठेकेदार जगदीश गहलोत में अपना जन्म दिवस गौशाला में मनाया। इस अवसर पर उन्होंने गौ सेवा करते हुए 21 हजार 100 रुपए की राशि गौशाला में भेंट की। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत ने बताया कि ठेकेदार जगदीश गहलोत ने अपना 45 वां जन्मदिवस गौशाला में मनाया तथा उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार ही अपना जन्म दिवस मनाया। उन्हें गौशाला में जन्म दिवस मनाने की योजना बहुत पसंद आई। इस कारण से उन्होंने अपना जन्मदिन गौशाला में मनाने का निर्णय किया। इस अवसर पर माली समाज के अध्यक्ष संपत राज गहलोत, गौशाला अध्यक्ष हंसराज जैन, पूर्व सरपंच संतोकसिंह गहलोत, कालूराम प्रजापत, मोतीलाल जैन, धन्नाराम प्रजापत, कपूर गहलोत, पवन सिंह राजपुरोहित, नोडल अधिकारी डॉ दिनेश गहलोत इत्यादि उपस्थित थे।


सालावास स्मार्ट विलेज
शिलान्यास समारोह
श्री निर्मल गहलोत
UTKARSH

...न व रमेश छाजेड़ उपस्थित थे।

## सिटी बिजनेस

### ब्रेथ बैंक टीम का सेवा मिशन अब सालावास स्मार्ट विलेज में भी

जोधपुर। कोरोना की दूसरी लहर ने जनहानि के साथ आर्थिक दृष्टि से भी बड़ा नुकसान पहुंचाया है। कई लोगों के रोजगार चले गए। स्मार्ट विलेज सालावास के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत ने ब्रेथ बैंक और उत्कर्ष के निदेशक निर्मल गहलोत से मदद की अपील की थी। इस मांग पर जोधपुर ब्रेथ बैंक की ओर से सालावास गांव में पहले चरण में पच्चीस परिवारों को सूखी राशन सामग्री बांटी गई। इन पैकेट में दस किलो आटा, पांच किलो प्याज, पांच किलो आलू, एक किलो खाद्य तेल, दो किलो चीनी, एक किलो चावल, दाल, धनिया, चायपत्ती शामिल है। दूसरे चरण में अन्य 25 परिवारों को पैकेट दिए जाएंगे। इस काम में उत्कर्ष के एमडी तरुण गहलोत, माली समाज के अध्यक्ष संपतराज गहलोत, अमराराम पटेल, भीम प्रजापत, कैलाश तंवर, अशोक भाटी और अजय का सहयोग रहा।



Natural Laxative Granules & Tablets

### सालावास परीक्षा केन्द्र पर दिए भोजन के पैकेट



धुंधाड़ा@पत्रिका. पंचायत समिति लूणी क्षेत्र के सालावास में स्थित अचलदास बागरेचा राउमावि सालावास केन्द्र पर रीट की परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षा देने करीब छह सौ अभ्यर्थी शनिवार को ही अपने परिवार के साथ सालावास पहुंच गए थे। सालावास के ग्रामीणों ने एकजुट होकर अभ्यर्थियों व उनके साथ आए परिजनों के लिए ठहरने व खाने की व्यवस्था में बढ चढकर हिस्सा लिया। अभ्यर्थियों को पुड़ी, सब्जी, मिर्ची का कुटा व नाश्ते में पोहा देकर उनकी आवभगत की। रविवार को सुबह ग्रामीणों ने सभी को भोजन करवाया तो दोपहर में उत्कर्ष क्लासेज की ओर से पैकेट वितरण किए गए।

सालावास स्मार्ट विलेज में संविधानिक जागरूकता प्रमाण पत्र कोर्स का समापन

# संविधान की अंतिम शक्ति लोगों के हाथ में

पत्रिका **PLUS** रिपोर्टर



जागरूकता प्रमाण पत्र कोर्स का समापन।

**जोधपुर** ◆ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए सालावास गांव में ग्रामीणों में संवैधानिक एवं विधिक जागरूकता के लिए आयोजित प्रमाण पत्र कोर्स का रविवार को समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विशेष मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट मोहन मीणा ने कहा कि संविधान ने अंतिम शक्ति लोगों को उपलब्ध करवाई है। समाज में जाति व्यवस्था की बेड़ियां तोड़कर सामाजिक न्याय स्थापित किया जा सकता है। प्रगतिशील मस्तिष्क सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए अनिवार्य शर्त है। समारोह को राजकीय महाविद्यालय के डॉ हरी राम परिहार, अतिरिक्त राजकीय अधिवक्ता मनोज गहलोत और राजस्थान हाईकोर्ट के अधिवक्ता विवेक माथुर ने भी संबोधित किया। नोडल अधिकारी डॉ दिनेश गहलोत ने बताया कि कोर्स में 53 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को संविधान और विधि के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। कोर्स समप्ति के बाद हुई परीक्षा में युवराज गहलोत और रणवीर गहलोत ने प्रथम, रवि शंकर ने द्वितीय और संगीता मारू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दैनिक भास्कर जोधपुर 13-10-2021

# मौलिक अधिकार एवं साइबर क्राइम पर व्याख्यान

**डोली|** सालावास गांव में ग्रामीणों में संवैधानिक विधिक जागरूकता को लेकर प्रमाण-पत्र कोर्स आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत ने बताया कि सहायक आचार्य डॉ. नागेंद्र सिंह भाटी ने भारतीय संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकारों का विस्तार से उल्लेख किया। अधिवक्ता राजेश परिहार ने ऑनलाइन फ्रॉड के विभिन्न प्रकारों पर चर्चा करते हुए उससे बचने के उपाय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य धर्मपाल नारनोलिया ने स्वागत किया। जबकि व्याख्याता बबलाराम परिहार ने आभार व्यक्त किया।

जेएनवीयू ने सालावास गांव में की पहल

## ग्रामीणों के लिए संविधान पर सर्टिफिकेट कोर्स

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जोधपुर ◆ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गए सालावास स्मार्ट विलेज में ग्रामीणों को संवैधानिक एवं विधिक जागरूकता के लिए प्रमाण पत्र कोर्स करवाया जाएगा। फिलहाल इस कोर्स के अंतर्गत तीस स्थान निर्धारित किए गए हैं। दसवीं उत्तीर्ण ग्रामीण इस कोर्स में भाग ले सकते हैं।

प्रमाण पत्र कोर्स के आवेदन पत्र का शुक्रवार को सालावास गांव के विद्यालय प्रांगण में विमोचन किया गया। जेएनवीयू के नोडल अधिकारी डॉ दिनेश गहलोत, विद्यालय के



सालावास विद्यालय में आवेदन पत्र का विमोचन करते डॉ. गहलोत व अन्य

प्राचार्य धर्मपाल नरनोलिया, अभिभावक संघ के अध्यक्ष बाबूलाल भोबरिया और व्याख्याता उम्मेद राज लक्षकार ने विमोचन किया। डॉ गहलोत ने बताया कि कोर्स के अंतर्गत उपभोक्ता संरक्षण, ट्रैफिक नियम, साइबर क्राइम, सूचना का अधिकार और विभिन्न मौलिक अधिकारों के संदर्भ में विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे। इस वर्ष ऐसे तीन कोर्स करवाने का कार्यक्रम है।

# प्रगतिशील मानसिकता सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ने के लिए जरूरी : न्यायाधीश मीणा

### विवि के सालावास स्मार्ट विलेज में संवैधानिक जागरूकता सर्टिफिकेट कोर्स सम्पन्न, 53 प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण-पत्र

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय के गोद लिए गए सालावास गांव में ग्रामीणों में संवैधानिक एवं विधिक जागरूकता के लिए आयोजित प्रमाण पत्र कोर्स का रविवार को समापन हुआ। इस प्रमाण पत्र कोर्स में 53 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रमाण पत्र कोर्स में प्रतिभागियों को संविधान तथा विधि के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। इसके बाद उनके लिए एक परीक्षा का आयोजन हुआ और इस परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा में युवराज गहलोत तथा रणवीर गहलोत ने प्रथम, रवि शंकर ने द्वितीय तथा संगीता मारू ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इन्हें अलग से पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश गहलोत ने बताया कि समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनआई कोर्ट एक के विशेष



मजिस्ट्रेट मोहन मीणा, मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ हरिराम परिहार तथा विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त राजकीय अधिवक्ता मनोज गहलोत तथा राजस्थान उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विवेक माथुर थे। मुख्य वक्ता डॉ हरिराम परिहार में प्रमाण पत्र कोर्स को जागरूकता के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण प्रयास बतलाते हुए मूल कर्तव्यों पर प्रकाश डाला।

### सामाजिक न्याय स्थापना के समेकित प्रयास जरूरी

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विशेष मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट मोहन मीणा ने कानून के व्यावहारिक पक्ष पर प्रकाश डाला। उनके अनुसार संविधान ने अंतिम शक्ति लोगों को उपलब्ध करवाई है। समाज में जाति व्यवस्था की बेड़ियां तोड़कर सामाजिक न्याय स्थापित किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि विवेक माथुर के अनुसार कानून की जानकारी का अभाव बीमारी का प्रतीक है। कानून हमें सही एवं गलत की जानकारी उपलब्ध करवाता है। वहीं विशिष्ट अतिथि राजकीय अधिवक्ता मनोज गहलोत ने संबोधन में कहा कि संविधान ने राजा और रंक का भेद समाप्त कर सभी को अपनी प्रतिभा का समुचित इस्तेमाल करने का मौका दिया है। उनके अनुसार भारतीय संविधान विविधताओं में एकता का सर्वोत्तम उदाहरण है। अंत में संयोजक उम्मेद राज लक्षकार ने आभार व्यक्त किया।

# समाज का ऋण चुकाए बिना जीवन अधूरा : गहलोत

## सालावास स्कूल में बनने वाले स्मार्ट रूम का शिलान्यास

**जोधपुर** | जेएनवीयू के गोद लिए सालावास गांव में अचलदास बागरेचा राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में गुरुवार को उत्कर्ष संस्थान के सह संस्थापक तरुण गहलोत के जन्मदिन पर 21 लाख रुपए की मदद से स्मार्ट रूम का शिलान्यास किया गया। कुलपति प्रो. पीसी त्रिवेदी, उत्कर्ष क्लासेज के सीईओ एंड फाउंडर निर्मल गहलोत व संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) प्रेमचंद सांखला अतिथि के रूप में मौजूद थे। उपखंड अधिकारी लूणी गोपाल परिहार के प्रयासों को सराहा। ब्लॉक विकास अधिकारी डॉ. तेजपाल विश्नोई ने स्मार्ट रूम पर जानकारी दी।

कुलपति प्रो. त्रिवेदी ने स्मार्ट विलेज के अंतर्गत



सालावास स्कूल में बनने वाले स्मार्ट रूम का अतिथियों ने शिलान्यास किया।

भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। निर्मल गहलोत ने कहा कि समाज का ऋण चुकाए बिना जीवन अधूरा है। ग्रामीण विद्यार्थी आधारभूत सुविधाओं के अभाव में अपनी क्षमता को राष्ट्र निर्माण में उपयोग नहीं कर पाते। हमें उन्हें आगे बढ़ने के लिए भागीदार बनना होगा। गहलोत ने बताया कि सालावास के इसी स्कूल में उनके पिता ओमप्रकाश गहलोत ने अध्यापन कार्य किया था। ओमप्रकाश गहलोत द्वारा सालावास के ही यूको बैंक से लोन लेकर अपने पुत्र निर्मल गहलोत के संस्थान उत्कर्ष को स्थापित करने में सहायता दी थी। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गहलोत के प्रयासों की सराहना की। निर्मल गहलोत ने स्कूल को एक जनरेटर देने की भी घोषणा की। स्कूल में पढ़ चुके सभी विद्यार्थियों को निशुल्क ऑनलाइन कोर्स व सभी अध्ययनरत विद्यार्थियों को निशुल्क ई-कंटेट देने की घोषणा की। कार्यक्रम में बाबूलाल भोबरिया, सरपंच ओमाराम पटेल, माली समाज के अध्यक्ष संपतराज गहलोत, तहसीलदार नारायणलाल सुथार, मोतीलाल भोबरिया, संतोकसिंह गहलोत, हजारीसिंह गहलोत, महिपाल गहलोत, पारस देवासी, जगदीश खन्ना सहित कई लोग मौजूद थे। प्राचार्य धर्मपाल नारनोलिया ने आभार जताया।

## स्मार्ट विलेज में संतुलित आहार पर कार्यशाला



**जोधपुर@पत्रिका.** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के गोद लिए सालावास गांव के श्री अचलदास बागरेचा राउमा विद्यालय में संतुलित आहार पर कार्यशाला आयोजित की गई। नोडल अधिकारी डॉ दिनेश गहलोत ने एनएसएस के महत्व को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता डॉ नमिता भंडारी ने संतुलित आहार से व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा दर बढ़ाने की बात कही। लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष प्रो मीना बरडिया, इनरव्हील क्लब ऑफ जोधपुर की उपाध्यक्ष रंजना जैन, विद्यालय प्राचार्य धर्मपाल नारनोलिया, क्लब पधाधिकारी सरोज जैन, मंजू मेहता, राजेश जैन, अभिभावक संघ के अध्यक्ष बाबूलाल भोबरिया, लोक प्रशासन विभाग के शोधार्थी महिपाल गहलोत व रेणुका चौधरी ने विचार रखे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई–निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है – ई–निविदा सूचना सं. 2021–22 : 47 कार्य का नाम व स्थान : Requirement of Gantry girder & its fitments & rail fitments for TRACK Machine Depot Basani/JU. अनुमानित लागत रूपये : 6,63,918.75 बयाने की राशि रूपये : 0.00


# जेएनवीयू के सालावास गांव में प्रमाण पत्र कोर्स शुरू



**जोधपुर@पत्रिका.** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए सालावास गांव में ग्रामीणों को संविधान की जानकारी के लिए प्रमाण पत्र कोर्स शुरू किया गया। मुख्य अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष नाथू सिंह राठौड़ ने कहा कि ग्रामीणों में संविधान जागरुकता अपेक्षाकृत कम होने से यह कोर्स स्मार्ट विलेज की अवधारणा को चरितार्थ करेगा। मुख्य वक्ता एडवोकेट देवकीनंदन व्यास ने अपने उद्बोधन में अधिकारों के पूर्व मूल कर्तव्यों की जानकारी को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि संविधान व विधिक जानकारी आम व्यक्ति के आत्मविश्वास में वृद्धि करती है। प्राचार्य धर्मपाल नारनौलिया, नोडल अधिकारी डॉ दिनेश गहलोत और स्थानीय संयोजक उम्मेद राज लक्षकार ने विचार रखे। नोडल अधिकारी डॉ गहलोत ने बताया कि पाठ्यक्रम के लिए 50 ग्रामीणों पंजीकरण कराया है। प्रतिभागियों को साइबर क्राइम, सूचना का अधिकार, उपभोक्ता अधिकार, ट्रैफिक नियम और अन्य सामाजिक विधियों की जानकारी दी जाएगी।

# पूर्वजों के गांव में सालों बाद लौटकर गौशाला में मनाया जन्मदिन

## विवि की सालावास स्मार्ट विलेज योजना

**नवज्योति/जोधपुर।** व्यास विश्वविद्यालय के गोद लिए गए स्मार्ट विलेज सालावास में नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश गहलोत की पहल से शुरू जन्मदिन मनाओ पुण्य कमाओ योजना का काफी प्रसार होता जा रहा है। करीब सौ सालों बाद पूर्वजों के गांव में लौटकर मूलतः आनंदपुर कालू निवासी पवनसिंह राजपुरोहित ने गौशाला में जन्मदिन मनाया। वहीं इस अवसर पर 5100 रुपए की राशि गौशाला में भेंट की । नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश ने बताया कि पवनसिंह के पूर्वज सालावास में रहते हैं, लेकिन लगभग सौ वर्ष पूर्व उनका परिवार आनंदपुर कालू में चला गया था।



पवनसिंह ने जब मूल गांव में इस योजना के बारे में सुना तो पुरखों की सरजमीं पर जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर अभिभावक संघ के अध्यक्ष बाबूलाल भोभरिया ने पवनसिंह का साफा तथा माला से स्वागत किया। जबकि नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर कैलाश तंवर, मोतीलाल जैन व अन्य उपस्थित रहे।

# विवि के गोद लिए सालावास गौशाला में मनाया जन्मदिन

**नवज्योति/जोधपुर।** व्यास विश्वविद्यालय के गोद लिए गए स्मार्ट सालावास गांव में जन्मदिन मनाओ पुण्य कमाओ योजना के अंतर्गत गौशाला में गांव के युवा उद्यमी रतनलाल भोबरिया ने अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उन्होंने 11000 रुपए की राशि गौशाला में भेंट की। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉक्टर दिनेश गहलोत, कालूराम प्रजापत, कैलाश तंवर, अणदाराम भोभरिया, केवल राम प्रजापत, मोतीलाल जैन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सालावास गांव में विवि ने कई विकास कार्यों को अंजाम दिया है। इसके अलावा डॉ.गहलोत के प्रयासों से जन्मदिन मनाओ पुण्य कमाओ योजना भी काफी सफल साबित हो रही है। जिसके संबंध में राज्यपाल कलराज मिश्र भी सराहना कर चुके हैं।



# पुत्र के जन्म दिवस पर एक लाख रुपए गौशाला में भेंट किए

## विवि की सालावास स्मार्ट विलेज योजना



**नवज्योति/जोधपुर।** व्यास विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए सालावास स्मार्ट विलेज में नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश गहलोत की पहले से चलाई गई जन्मदिन मनाओ पुण्य कमाओ योजना के अंतर्गत सालावास के युवा उद्यमी बाबूलाल भोबरिया ने अपने पुत्र प्रवीण भोबरिया का जन्म दिवस गौशाला में मनाया। वहीं गौशाला विकास के लिए एक लाख की राशि गौशाला में भेंट की। नोडल अधिकारी डॉ दिनेश गहलोत ने बताया कि इस अवसर पर 5 किलो का घेवर का केक काटा गया तथा गांव के सरपंच ओमाराम पटेल ने साफा पहनाकर प्रवीण का अभिनंदन किया।

# जेएनवीयू ने शुरू किया बैक टू स्कूल कार्यक्रम



**जोधपुर@पत्रिका.** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए सालावास गांव में भामाशाहों को प्रेरित करने और विद्यालय से प्राप्त शिक्षा के संदर्भ में अपने ऋण चुकाने के लिए बैक टू स्कूल कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में अचलदास बागरेचा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सालावास की स्थापना से लेकर अब तक पढ़े विद्यार्थियों से विद्यालय की आवश्यकताओं को पूरा करने का आह्वान किया गया। इस कड़ी में मंगलवार को गांव के अणदाराम भोबरिया की ओर से विद्यालय को 15 छत पंखे, लकड़ी की 10 कुर्सी, 2 बड़ी टेबले भेंट की गई है। नोडल अधिकारी डॉ दिनेश गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम से जुड़ने वाले सभी भामाशाहों का सालावास स्मार्ट विलेज योजना की ओर से स्मृति चिन्ह तथा साफा से सम्मानित किया जाएगा।

# पहल ! विद्यालय में पढ़कर सफल बनने का ऋण चुकाने के लिए बैक टू स्कूल कार्यकम का किया आगाज

## विवि के गोद लिए सालावास गांव में अनूठी पहल

**नवज्योति/जोधपुर।** व्यास विश्वविद्यालय के गोद लिए गए सालावास गांव में एक और अनूठी पहल की गई है। जिसके तहत अब विद्यालय से पढ़कर सफल व्यक्ति बनने के ऋण को चुकाने हेतु बैक टू स्कूल कार्यक्रम का आगाज किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अचलदास बागरेचा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सालावास की स्थापना से लेकर अब तक पढ़े विद्यार्थियों से विद्यालय की आवश्यकताओं को पूरा करने का आह्वान किया गया है। जिसके लिए नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश गहलोत ने भामाशाहों को जोड़ने की सिलसिला शुरू कर दिया है। इस कड़ी में आज गांव के अणदाराम भोबरिया की ओर से विद्यालय को 15 छत पंखे, लकड़ी की 10 कुर्सी तथा 2 बड़ी टेबले भेंट की गई है। जिससे कार्यालय के कार्यों को सुगमता से सम्पन्न किया जा सके तथा विद्यार्थियों को अध्ययन के दौरान गर्मी नहीं लगे। नोडल अधिकारी डॉ दिनेश गहलोत ने बताया कि इस कार्यक्रम से जुड़ने वाले सभी भामाशाहों का सालावास स्मार्ट विलेज योजना की ओर से स्मृति चिन्ह तथा साफा से सम्मानित किया जाएगा। लगभग



पैसठ हजार की राशि का सामान विद्यालय में भेंट करने पर अणदाराम भोभरिया का अभिनंदन किया गया। अणदाराम भोभरिया ने 1966 में इसी विद्यालय से आठवीं उत्तीर्ण की थी।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि अध्ययन ऋण चुकाए बिना जीवन अधूरा रह जाता। इस अवसर पर सरपंच ओमा राम पटेल, प्राचार्य धर्मपाल नारनोलिया, ग्राम विकास अधिकारी अभिषेक बिश्नोई, मोतीलाल प्रजापत, रमेश भाटी, माली समाज अध्यक्ष संपतराज गहलोत, उम्मेद्राज लक्षकार, पृथ्वीराज देवासी, नारायण लाल देवासी, अभिभावक संघ अध्यक्ष बाबूलाल भोभरिया, कैलाश तंवर आदि उपस्थित थे।

